शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 35 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 01 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

जनता के बीच अपना भरोसा खो चुकी है सुक्खू सरकार: प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

शिमला

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने गुरुवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा का चुनाव राज्य के इतिहास की बहुत बड़ी घटना है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हर्ष महाजन चुनाव में निर्वाचित हुए हैं। बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान में कांग्रेस पार्टी की सरकार अपना मोरल ग्राउंड सत्ता में रहने का खो चुकी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बिंदल ने कहा कि वर्तमान में सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार बड़े बहुमत के साथ चलने वाली सरकार थी। परन्तु राज्यसभा चुनाव में दोनों उम्मीदवारों को 34-34 वोट मिलने पर टाईअप हो जाने के बाद कांग्रेस सरकार किसी भी तरह से मॉरली सत्ता में रहने का हक खो चुकी है। डॉ बिंदल ने कहा कि पिछले एक साल और दो महीने की कांग्रेस सरकार की कार्यशाली पूरी तरह से निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता ने 14 महीने में प्रदेश में जो कुछ खोया है, वह अभूतपर्व हैं। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि सवा साल की सरकार इस तरह से जनमानस के हृदय से उतर जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झूठी गारंटी और बहुत बड़ी चमक के साथ सत्ता में आई यह कांग्रेस सरकार अपनी चमक खो चुकी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश जनता की जनभावनाओं की रिफ्लेक्शन इस राज्यसभा के चुनाव में दिखाई दे रही है। डॉ बिंदल ने कहा कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से सजगता के साथ लगातार आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यक्रम मंडल स्तर, विधानसभा स्तर और बूथ स्तर पर लगातार जारी है। संगठनात्मक दृष्टि से एक बड़ा अभियान चला जा रहा है।

टला हिमाचल संकट: सुक्खू सीएम बने रहेंगे

सरकार व संगठन के तालमेल के लिए बनाई गई कोऑर्डिनेशन कमेटी

शिमला

हिमाचल में कांग्रेस सरकार में नेतृत्व परिवर्तन का मामला सुलझ गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री बने रहेंगे। कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवक्षकों ने शिमला में गुरुवार को यह ऐलान किया है। इसके साथ ही राज्यसभा सीट हारने की जिम्मेदारी भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने ऊपर ली है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार और संगठन के बीच तालमेल के लिए छह सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है। कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर शिमला पहुंचे कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार और संगठन के बीच तालमेल के लिए छह सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह इसके सदस्य होंगे। जबकि तीन सदस्य हाई कमान की ओर से तय किए गए हैं, जिनका ऐलान दिल्ली में किया जाएगा। केंद्रीय पर्यवेक्षक शिवकुमार ने कहा कि सभी मंत्रियों, विधायकों और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ बात हुई है। सब मिलकर इकट्ठे काम करेंगे। भाजपा झूठी अफवाहें फैला रही है। डीके शिव कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि वे सभी कोई इकट्ठा लेकर चलेंगे।

पार्टी एक होकर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी: हुड्डा

हुड्डा ने कहा कि सभी से बात कर-के मतभेद दूर हुए हैं और पार्टी एक होकर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी। हुड्डा ने कहा कि छह सदस्य कोऑर्डिनेशन कमेटी के तीन सदस्यों का भी चयन कर लिया गया है लेकिन इसकी घोषणा दिल्ली से की जाएगी। यह कमेटी किसी भी मतभेद में सबसे बात करेगी। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक पांच साल तक सरकार चाहते हैं। यहां कोई भी ऑपरेशन लोटस नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित करने का फैसला विधानसभा अध्यक्ष का नियमों के अनुसार है। हुड्डा ने यह भी बताया कि बताया कि मुख्यमंत्री ने राज्यसभा चुनाव के हार की जिम्मेदारी ली है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि राज्यसभा चुनाव हारने का पार्टी को दुख है। उन्होंने कहा कि अगली चुनौती लोकसभा चुनाव जीतने की है और हमें कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाना है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि जो भी सरकार और संगठन के बीच विवाद है। वह आज बातचीत से हल हो गए हैं। इसीलिए संगठन और सरकार के तालमेल के लिए कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी सरकार और पार्टी के मतभेदों को हल करेगी।

वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में जो भाजपा ने किया है, वह गलत है। मेरे त्यागपत्र देने की अफवाह भी भाजपा ने फैलाई थी। भाजपा को सता की भूख सता रही है, इसीलिए वह ऐसी चीजों पर उतारू है। शिवकुमार ने कहा कि पार्टी में अनुशासन जरूरी है और इसके खिलाफ जाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। कांग्रेस के दूसरे पर्यवेक्षक हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव हारने का हिमाचल में पार्टी को अफसोस है।

कांग्रेस अपने गिरेबान में झांके, कैसे उनकी संख्या 43 से 34 हो गई: जयराम ठाकुर

शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता और अपने कार्यकताओं, नेताओं, मंत्रियों और विधायकों की नजर में गिर गई है। अगर हमारे विधायकों को सदन से अलोकतांत्रिक तरीके से निष्कासित नहीं किया जाता तो यह सरकार सदन में भी गिर गई होती। कट-मोशन पर यदि हमारे मत विभाजन की मांग को भी स्वीकार किया जाता तो यह सरकार उसी दिन ही गिर गई होती। नेता प्रतिपक्ष ठाकुर ने गुरुवार को शिमला में कहा कि सरकार अल्पमत में हैं और इस तरह से सरकार को कब तक बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिसे भी सरकार प्रताड़ित करेगी, जिसे भी जनता की आवाज उठाने के बदले सरकारी तंत्र से परेशान किया जाएगा, भाजपा हर उस व्यक्ति के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। चाहे वह आम आदमी हो खास आदमी। नेता प्रतिपक्ष ने गुरुवार को अपने विधायकों के साथ मॉल रोड पर चहलकदमी भी की। ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस सरकार की जो दुर्दशा हुई है, यह सरकार के अपने करमों का ही फल है। जब सरकार में बैठे लोग जनता और अपने कार्यकताओं तथा नेताओं की आवाज को अनसुना कर देंगे तो यही स्थिति होगी। आज जो हुआ वह दीवार पर लिखी साफ इबारत की तरह था, जिसे मुख्यमंत्री अनदेखा कर रहे थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि जनप्रतिनिध की अपने क्षेत्र की जनता के प्रति भी जिम्मेदारी होती है।

भारत-बांग्लादेश सीमा: सोने की तस्करी नाकाम

नई दिल्ली

भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर (उत्तर 24 परगना) पर बीएसएफ, दक्षिण बंगाल सीमान्त के जवानों ने गुरुवार को सोने की एक बड़ी तस्करी को नाकाम कर दिया। भारत में तस्करी के दौरान 2,823.720 ग्राम वजन के 24 सोने के बिस्कुटों के साथ एक बांग्लादेशी तस्कर को गिरफ्तार किया। जब्त सोने के बिस्कुटों की अनुमानित कीमत 1,77,32961 रुपये बताई गई है। दक्षिण बंगाल सीमान्त के प्रवक्ता के अनुसार, गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे सीमा चौकी गोबर्धा, 102वीं वाहिनी, सीमा सुरक्षा बल के जवानों को सोने की तस्करी की खबर मिली।

जीडीपी के आंकड़े उम्मीद से बेहतर, तीसरी तिमाही में 8.4% की मजबूत वृद्धि

नई दिल्ली

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। पिछली तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत थी। जीडीपी के ताजा आंकड़े विश्लेषकों की उम्मीद से बेहतर हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी जीडीपी के आंकड़ों को संशोधित कर दिया गया है और इसे क्रमशः 8.2 प्रतिशत (7.8 प्रतिशत के बदले) और 8.1 प्रतिशत (7.6 प्रतिशत के बदले) कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024 के लिए जीडीपी के अनुमान को भी 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत तक संशोधित कर दिया गया है। एनएसओ ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के जीडीपी के आंकड़ों में भी संशोधन किया है। इसे पूर्व के अनुमान 7.2% की तुलना में 7% कर दिया गया है। रिफाइनरी उत्पादों, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से जनवरी में आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर 15 महीने के निचले स्तर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र के आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर दिसंबर में 4.9 प्रतिशत रही।



आप सरकार हैं आतंकवादी नहीं, जो किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं: हाईकोर्ट

चंडीगढ़

किसान आंदोलन में शुभकरण की मौत के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि आप सरकार हैं आतंकवादी नहीं जो इस प्रकार किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं। मौत की न्यायिक जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट ने हरियाणा, पंजाब व अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। किसान आंदोलन से जुड़ी विभिन्न याचिकाएं सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया व जस्टिस लपिता बनर्जी की खंडपीठ के समक्ष पहुंची थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शुभकरण की मौत के बाद एफआईआर दर्ज करने में हुई एक सप्ताह की देरी के लिए हरियाणा व पंजाब दोनों राज्यों को जमकर फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह तक शव को रखा गया और जांच आरंभ नहीं की गई। मौत प्राकृतिक नहीं थी तो ऐसे में क्यों पोस्टमार्टम व एफआईआर दर्ज करने में इतनी देरी हुई। इस पर पंजाब सरकार ने बताया कि गत दिवस एफआईआर दर्ज कर पोस्टमार्टम किया जा चुका है। इस मामले में हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। हाईकोर्ट ने कहा कि एक बार पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आ जाए फिर हम इस मामले में आवश्यक आदेश जारी करेंगे।

इस मामले में हाईकोर्ट के रिटायर जज से जांच करवाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर हरियाणा, पंजाब व केंद्र को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

'कैदियों को जाति और धर्म के आधार पर न सौंपे काम' गृह मंत्रालय का पत्र

नई दिल्ली

गृह मंत्रालय के राज्यों और केंद्रशाति प्रदेशों से कहा कि जेल में बंद कैदियों को जाति और धर्म के आधार पर अलग न करें। गृह मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि भेदभावपूर्ण तरीके से जेल की रसोई के प्रबंधन जैसे काम सौंपना बंद करें। गृह मंत्रालय ने कहा कि कुछ राज्यों के जेल मैनुअल में कैदियों को उनकी जाति और धर्म के आधार पर अलग करने का प्रावधान है और उन्हें उसके अनुसार जेलों में कार्य सौंपे जा रहे हैं, जो ठीक नहीं है।

हर तरह के भेदभाव को प्रतिबंधित किया गया- गृह मंत्रालय

जारी पत्र के मुताबिक, भारत का संविधान किसी भी भेदभाव पर रोक लगाता है। मॉडल जेल मैनुअल, 2016 गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया है और सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को प्रसारित किया गया है। मई 2016 में रसोई के प्रबंधन और भोजन पकाने में कैदियों के साथ जाति और धर्म आधारित भेदभाव को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

जेलों में जाति आधारित भेदभाव की अनुमति नहीं- गृह मंत्रालय

गृह मंत्रालय ने कहा कि जेल मैनुअल में यह भी प्रावधान है कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति, जाति या वर्ग के आधार पर कैदियों के वर्गीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से ध्यान देने और यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाता है कि उनके जेल मैनुअल या जेल अधिनियम में ऐसे भेदभावपूर्ण प्रावधान नहीं होने चाहिए। गृह मंत्रालय ने कहा कि यदि ऐसा कोई प्रावधान मौजूद है।

लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान में बढ़ेगी बीजेपी की टेंशन, कुशवाहा समाज ने मांगा आरक्षण

जयपुर

लोकसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही राजस्थान की भाजपा सरकार की परेशानी बढ़ती जा रही है। राज्य में पहले से ही जाट समाज ने आरक्षण के मुद्दे को लेकर आंदोलन कर रखा है। अब कुशवाहा समाज ने भी आरक्षण के लिए प्रदर्शन करने की चेतावनी भजनलाल सरकार को दे दी है। सरकार ने कुशवाहा समाज को इस मुद्दे पर बात करने के लिए 25 फरवरी को बुलाया था, लेकिन अब तक सरकार ने कोई बुलावा नहीं भेजा है। इसी बीच समाज ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी है।

दरअसल, राज्य के कुशवाहा समाज ने 12 फीसदी आरक्षण और लव कुश कल्याण बोर्ड को वित्तीय दर्जा देने की मांग उठाई थी। इसे लेकर भरतपुर प्रशासन ने कुशवाहा आरक्षण संगठन समिति को 10 दिन का समय देकर 25 फरवरी तक वार्ता के लिए बुलाने का आश्वासन दिया था। लेकिन 25 फरवरी के बाद भी अभी तक समाज को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया। इससे समाज में गुस्सा बढ़ गया है। समाज ने आगामी लोकसभा चुनाव में समाज की ओर से मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। समाज ने पांच मार्च को महापंचायत करने का निर्णय लिया है। इसमें आंदोलन को लेकर अंतिम फैसला लिया जाएगा। पूर्व प्रधान रामहेत कुशवाहा ने बताया कि गत दिनों संभागीय आयुक्त और आईजी भरतपुर रेंज से भी चर्चा हुई है।

डीआरडीओ की कम दूरी वाली वायु रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण

नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के चांदीपुर से बेहद कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण 28 और 29 फरवरी को किए गए थे। रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, सभी परीक्षण उड़ानों के दौरान मिशन के उद्देश्यों को पूरा करते हुए लक्ष्यों को मिसाइलों द्वारा रोका और नष्ट कर दिया गया था। गौरतलब है कि मिसाइल को दोहरी थ्रस्ट सॉलिड मोटर द्वारा संचालित किया जाता है और इसका उद्देश्य कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षणों में शामिल डीआरडीओ, भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस यह नई मिसाइल सशस्त्र बलों को मजबूती प्रदान करेगी और हमारी ताकत बढ़ेगी।

भारतीयों के बचाने के लिए हम रूसी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में: विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली

रूस में फंसे भारतीयों को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि करीब 20 लोग फंसे हुए हैं। हम उन्हें जल्द से जल्द निकालने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले हमने दो एजवाइजरी जारी की थी, जिसमें कहा था कि भारतीय नागरिक युद्ध क्षेत्रों से दूर रहें। भारतीयों के बचाने के लिए हम रूसी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

चर्चा के जरिए ही रोका जा सकता है युद्ध- रणधीर

रूस-यूक्रेन युद्ध पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि इस पर हमारी स्थिति साफ है। भारत ने हमेशा से मुद्दे के समाधान के लिए चर्चा हो। साथ ही निरंतर जुड़ाव हो, जिसके चलते दोनों पक्ष एक मेज पर आ सके। इससे हम शांति का समाधान ढूंढ सकते हैं। पहले दिन से हम इस बात को कह रहे हैं। यही हमारी स्थिति है।

जापान-दक्षिण कोरिया के दौरे पर जाएंगे जयशंकर- रणधीर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल कहते हैं, "ब्रिटेन की नागरिक निताशा कौल 22 फरवरी को भारत आई थी। जैसा कि आप जानते हैं, हमारे देश में विदेशी नागरिकों का प्रवेश एक संप्रभु निर्णय है। विदेश मंत्री जयशंकर के जापान और दक्षिण कोरिया के दौरे को लेकर रणधीर जयसवाल ने कहा कि मंत्री जयशंकर पांच से आठ मार्च तक जापान और दक्षिण कोरिया का दौरा करेंगे। इस दौरान दक्षिण कोरिया में 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में भाग लेंगे। साथ ही दक्षिण कोरिया के साथ रिश्तों को मजबूत करने के सभी पहलुओं पर चर्चा की जाएगी।

आठ में से सात भारतीय नागरिक किए गए रिहा- रणधीर जयसवाल

कतर से वापस लौटे पूर्व नौसैनिकों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि डहरा ग्लोबल मामले में सात भारतीय को रिहा कर दिया गया है, जो भारत लौट आए हैं। आठवें भारतीय नागरिकों को लेकर कुछ शर्तें पूरी करनी होगी। जब इसे पूरा कर लिया जाएगा, तो वह भी वापस आ जाएंगे।

पचदेवरा रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से दो भाइयों की दर्दनाक मौत

दोनों सगे भाई मध्यप्रदेश से आकर यहां बनाई जा रही रेलवे न्यू ट्रैक में मजदूरी करते थे

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयागराज करछना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पचदेवरा फ्लाईओवर के नीचे टेंट लगाकर परिवार सहित मजदूरी करने वाले परिजनों के बीच बुधवार रात हादसा हो गया बताया जाता है कि गरीबी एवं बेजोजगारी के चलते जीवन यापन करने के लिए मध्यप्रदेश से आकर रेलवे कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत चौड़ीकरण का कार्य प्रयागराज से मुगलसराय तक सटल ट्रेन चलाने को लेकर रेलवे कॉरिडोर परियोजना द्वारा नई रेलवे लाइन बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें मजदूरी करने के लिए मध्य प्रदेश से मजदूरों को काम कराने के लिए लाया गया है जिन्हें पचदेवरा फ्लाईओवर के नीचे तंबू लगाकर परिवार के साथ मजदूरी रक्खा गया था, बुधवार शाम को मजदूरी कर-के लौटे दो सगे भाइयों ने खाना बनाने के लिए पास स्थित बाजार पचदेवरा में सब्जी व अन्य सामान खरीद कर लौट रहे थे अचानक ट्रेन आने से दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई करछना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही टेंट में रह रहे पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है मरने वाले मध्य प्रदेश के झबुआ के रहने वाले मांजू भूरिया 38 वर्ष एवं रामसु भूरिया 26 वर्ष बताएं गए, वहीं कारदाई संस्था के ठेकेदार जो मजदूरों लाया था वह मौके से फरार हो गया है।

मऊआइमा ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

मऊआइमा। नहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पिलखुवा विकासखंड मऊआइमा के मेला मैदान पर किया गया। जिसमें वॉलीबॉल कबड्डी रस्सा कसी खो खो आदि खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई। उक्त कार्यक्रम जागृति पांडे जिला युवा अधिकारी (नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज) के निर्देशन में एवं अदनान उल्ला खान कार्यक्रम सहायक एवं लेखा लिपिक नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के सह निर्देशन में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल खेल स्पर्धा में विकासखंड मऊआइमा के 6 युवा मंडल की टीमों ने प्रतिभाग किया।जिसमें से स्वामी विवेकानंद युवा मंडल पिलखुवा की टीम प्रथम रही। तथा स्वामी विवेकानंद युवा मंडल बागी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इसी क्रम में कबड्डी खेल प्रतियोगिता में चार युवा मंडल की टीमों ने प्रतिभा किया। जिसमें से स्वामी विवेकानंद युवा मंडल महरौडा की टीम प्रथम रही। तथा दूसरी दूसरे स्थान पर सारायदीना युवा मंडल की टीम रही।तथा रास्सा कसी प्रतियोगिता में महिला युवा मंडल महरौडा की जुनेरा हारून प्रथम स्थान पर रही। कुमुदिनी यादव द्वितीय स्थान पर रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंद कुमार शुक्ला रहे। एवं विशिष्ट अतिथ के रूप में महेंद्र सिंह प्रवीन मिश्रा अजय पटेल एवं शारदा प्रसाद पाल जी रहे।और रेफ्री के रूप में सुनील कुमार पाल अमित कुमार पाल वॉलीबॉल खेल स्पर्धा मे जितेंद्र सिंह पटेल राकेश कुमार मौर्य कबड्डी खेल प्रतियोगिता के रेफरी रहे,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदय ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि जिस प्रकार मेजर ध्यानचंद नीरज चोपड़ा आदि खिलाड़ियों ने खेल के माध्यम से अपने देश का नाम रोशन किया इस प्रकार से आप लोग भी खेल के माध्यम से अपने देश का नाम रोशन करके अपना भविष्य उज्जवल बना सकते हो आपके अंदर प्रतिभा अपार है इसको निखार करके आप अपना जीवन सार्थक बना सकते हो। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार पटेल पूर्व एन वाई वी नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज एवं स्वतंत्र ग्रामोत्थान युवा मंडल सकरामऊ विकासखंड मऊआइमा अध्यक्ष के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रंजीत प्रजापति करन विजय कुमार अखिलेश रोहित मनोज, युगल ज्ञान प्रकाश सियाराम दिनेश कुमार अरविंद कुमार सोहेल अहमद आदि थे।

न्यूज झरोखा

कोरांव विधायक ने किया अल्पसंख्यक बस्ती का दौरा

पसना। प्रधानमंत्री मोदी के मूलमंत्र सबका साथ सबका विकास को मूर्तरूप देने के लिए क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने विधान सभा के अल्पसंख्यक बहुल गांव कपुरी बढ़इया में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति नवाब अजीमुद्दीन ने पुष्पगुच्छ देकर विधायक का स्वागत करते हुए कहा कि आज मुस्लिम बस्ती में पहली बार कोई भाजपा का जनप्रतिनिधि आया है,उम्मीद है कि सरकार हमारी ओर भी नजरें इनायत करेगी।अपने अल्प संबोधन में विधायक ने उपस्थित अल्पसंख्यक समाज से कहा कि भाजपा सरकार सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।मेरे घर के दरवाजे आप सबके के लिए हमेशा खुले हैं।ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने गांव में प्राथमिक विद्यालय व मुस्लिम बस्ती में इंटरलाकिंग सड़क बनवाने पर सहमति दी।जनसंपर्क के दौरान भाजपा नेता बबुआन द्विवेदी व संजय सिंह पटेल भी मौजूद रहे।ग्रामीणों में प्रमुख रूप से मौलाना महमूद निजामी,मुस्ताक अहमद, नन्हें अली,अफजल खां,गफूर मियां,छोटे भाई आदि मौजूद रहे।

मोहित यादव बने जमुनापार सपा के छात्र सभा जिला अध्यक्ष

करछना। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा विनीत कुशवाहा ने प्रयागराज जमुनापर के समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है, मोहित यादव को समाजवादी जमुनापार प्रयागराज को छात्र सभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने बधाई दी है

सहसों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

सहसों। ग्राम स्वराज मंच अंचल फूलपुर के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एकल विद्यालय की तरफ से मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का प्रारम्भ छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों के प्रांगण से किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान रैली को सहसों के विभिन्न मार्गों से होते हुए बाजार सहित गली, मोहल्लों में मतदाताओं को जागरुक करते हुए वापस कॉलेज प्रांगण पर पहुंचकर रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा मंडल फूलपुर अध्यक्ष एवं एकल विद्यालय के ग्राम स्वराज योजना प्रभारी आलोक गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान बहुत जरूरी है। सभी जागरूक मतदाताओं को मतदान अवश्य करना चाहिए साथ ही साथ मतदान का प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा मतदान हमारा अधिकार ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र सिंह, दीपक केसरवानी, संभाग प्रमुख गुड़िया ग्राम स्वराज साधना जी, ममता, प्रीति सहित एकल विद्यालय के आचार्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

श्रेयस एवं शौर्य को मिला स्वर्ण पदक हुए सम्मानित

सहसों। हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2023 में विद्यालय स्तर पर दो भाइयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। एम आर यस स्कूल एंड कॉलेज वारी उमरी में क्लास 2 के शौर्य एवं क्लास वन के श्रेयस पुत्र राजेश कुमार सिंह कृषि विशेषज्ञ कार्डेट फूलपुर ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्वर्ण पदक एवं सम्मान पत्र देकर नन्हे मुन्ने दोनों बच्चों को सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। होनहार बच्चों के उत्कृष प्रदर्शन पर कॉर्डेड के प्रधानाचार्य डॉ हरिश्चंद्र, मुकेश तिवारी, वीरेंद्र सिंह सहित आदि लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर परिवारीजन तथा गांव के लोगों में बहुत ही हर्ष व्याप्त है।

पांडर की पूर्णिमा पाल अवर अभियंता (सिविल)पद पर हुईं चयनित

बारा। बारा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पांडर का मजरा कालिका का पूरा निवासी श्री कमलाकर पाल की बहू पूर्णिमा पाल पत्नी अनूप पाल का उत्तर प्रदेश अधिनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सिंचाई खंड 2 प्रतापगढ़ में अवर अभियंता (सिविल) के पद पर चयनित किए जाने पर परिवार सहित क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जबकि नवनिर्वाचित 211 अवर अभियंता को तैनाती देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इन सभी लोगों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। व सभी चयनित अभ्यर्थियों को सुभकामनाए देते हुए ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक कार्य करने को कहा। बढ़ाई देने वालो मे प्रभाकर पाल, रवींद्र श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, विनोद त्रिपाठी, (पूर्व प्रधान पांडर)सतीश चंद्र केसरवानी (खरे) आशीष केसरवानी (सिप्पू) प्रमोद पाण्डेय, घनश्याम कोटर्या, आनंद जयसवाल, राजन केसरवानी, वीरेन्द्र प्रसाद शुक्ल पूर्व प्रधान (पांडर) तथा वर्तमान प्रधान सुरेन्द्र सोनकर सहित छेत्र के कई गणमान्य लोगो ने बधाई दी।

तहसीलदार के आदेश पर अतिक्रमित भूमि कब्जा मुक्त

कोरांव। ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अल्हवा द्वारा भू अतिचारियों के खिलाफ चलाए जा रहे सरकार की मंशानुसार अभियान के तहत बृहस्पतिवार को लोक संपत्ति निवारण अधिनियम के आरोपियों की अतिक्रमित चकमार्ग 757,नवीन परती की आवंटित भूमि संख्या 756 की भूमि से अवैध कब्जा की जमीन को राजस्व टीम और ग्राम प्रधान अल्हवा ने पैमाइस के पश्चात चकमार्ग खाली कराया और और ,भू खंड संख्या 1036 ख पर राजस्व टीम पुलिस बल द्वारा कब्जा मुक्त कराई गई जमीन को पुनः कब्जा करने के आरोपी कोटेदार अल्हवा के विरुद्ध दर्ज धारा 3/5 लो स नि अधि,के पश्चात बोई गई फसल को सुपुर्दगी में ली गई। और गांव के एक पदाड़ी नमक व्यक्ति को सारी जमीनें सुपुर्दगी के अतिरिक्त फसल काटने मड़ाई आदि की जिम्मेदारी दी गई। शेष चकमार्ग संख्या 1035 पर कोटेदार लाल बहादुर पाल के बने अवैध आंशिक भाग को अतिक्रमड मुक्त कराने की चेतावनी दी गई। और रिपोर्ट लेखपाल ने तहसील प्रशासन को भेजी। भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा ने शेष चकमार्ग और पुराने रास्ते के अतिचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की तैयारी शुरू की।

मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाकर महापुरुषो के सपनों को पूरा करेगी बसपा

कोरांव। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) जिला ईकाई प्रयागराज के तत्वावधान में विधानसभा कोरांव के सेक्टर पथरा व सेक्टर भईयां के बूथ पथरा में विधनसभा अध्यक्ष देवी चरण कुशवाहा की अध्यक्षता में कैडर बैठक आयोजित की गई। कैडर बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रयागराज आरबी त्यागी अपने नम आंखों से अपना उदगार व्यक्त करते हुए अपनी पीड़ा को नियंत्रित करते हुए बहनजी की ताजपोसी के लिए कार्यकताओं को जमीन पर उतरकर एक-एक वोट निकाल कर बसपा के चुनाव चिह्न हाथी के सामने नीली बटन दबाकर बसपा प्रमुख बहन मायावटी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता जिला कार्यकरिणी के सदस्य रामबृज गौतम ने कार्यकताओं को बताया कि सत्ता बिना संघर्ष के नहीं मिलती इसके लिए बहुजन महापुरुषों ने मुसीबत भरा जीवन बिताकर एक वोट का अधिकार दिलाया। एक वोट से बहुजन समाज जिस दिन चाह ले उसी दिन से गांव का प्रधान और देश का प्रधानमंत्री बना सकता है।कैडर बैठक में अरुणेश कुमार जैसल, रमाकांत भारतिया, राजेश्वरी प्रसाद, मुन्नी लाल कोल, कालूराम जैसल, सिपाही लाल, रामसजीवन, छोटेलाल, डा. सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, अर्पित कुमार, अनिल कुमार, मूल चंद के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

दूरदर्शी बनने के लिए शिक्षा है जरूरी : राजमणि कोल

अखंड भारत संदेश

मेजा ब्लाक परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 32 जोड़ों ने रचाई शादी एक ने किया निकाह

मेजा। मेजा ब्लॉक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समारोह में जहां 31 हिन्दू जोड़ों ने शादी की वहीं एक मुस्लिम जोडा ने निकाह किया। जिसमें मेजा से 14 हिंदू और 1 मुस्लिम जोड़ें, मांडा से 15 जोड़े और उरुवा से 2 जोड़े शादी कर नए दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की। सामूहिक विवाह में पंडित व मौलवी ने अपने धमार्नुसार शादी व निकाह को पूर्ण कराया। शादी समारोह के मुख्य अतिथि कोरांव विधायक राजमणि कोल रहे। कोरांव विधायक व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र तथा बीडीओ मेजा सरिता सिंह ने सामूहिक रूप से गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विवाह की रश्म का शुभारंभ किया। जोड़ो के साथ बरती के रूप में आए लोगों एवं अतिथियों व ब्लॉक कर्मियों ने बारात की अगवानी कर स्वागत किया। शादी की रस्म पूरी होने के बाद विधायक,बीडीओ और प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने वर -वधू को शादी का प्रमाण पत्र और उपहार देकर आशीर्वाद दिया। विधायक ने नव दंपति को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मोदी और योगी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया और कहा कि दूरदर्शी बनने के लिए शिक्षा जरूरी है। इसी क्रम में बीडीओ मेजा श्रीमती सरिता सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को पर विस्तार से चर्चा किया और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सबसे अहम है। सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुशांतु पांडेय ने उपस्थित लोगों को बताया कि सामूहिक विवाह योजना में सरकार 51 हजार रुपये देती है जिसमें 35 हजार रुपये वधू के सीधे बैंक खाते में, 10 हजार रुपये के शादी के सामान और 6 हजार शादी में भोजन आदि में खर्च किया जाता है। समारोह की अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र तथा कुशल संचालन प्रधान गड़ेवरा अनिल शुक्ला ने किया।इस मौके पर एडीओ पंचायत अखिलेश तिवारी, जिला पंचायत देशराज सिंह,राजेश पटेल,मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्र, कामेश्वर पटेल, मंडल प्रभारी सिरसा अमरेश तिवारी, बबुआन द्विवेदी, मंडल मंत्री कमलेश मिश्र, संजय तिवारी, सीडीपीओ रागिनी कौशिक, समाज सेवी शेषमणी शुक्ल, सचिव राजेश त्रिपाठी और मयंक शुक्ला आदि के अलावा वर और कन्या पक्ष की ओर से आए सैकड़ों लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कलश एवं शोभायात्रा से अदृश्य शक्ति का आह्वान किया जाता है : लक्ष्मी त्रिपाठी

करछना। क्षेत्र के ठढ़बिलार गांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह सत्संग का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। जिसमें गाजे- बाजे के साथ भव्य कलश सहित शोभा यात्रा भी निकाली गई। जिसमें भक्त लोग सहित महिलाएं सिर पर कलश लिए सुमधुर मांगलिक गीतों के साथ गांव की परिक्रमा की। और यात्रा भागवत मंडप में पहुंची। कथा वाचक के रूप में कथा के व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास पं .लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने बताया कि कलश व शोभा यात्रा से अदृश्य शक्तियों का आवाहन किया जाता है ।जिसमें अतृप्त आत्माओं का भी कल्याण होता है। और इस यात्रा में शामिल होने पर अनेक तीर्थो के परिक्रमा से बढ़कर पुण्य फल प्राप्त होता है। कथा के मुख्य श्रोता यजमान रामानुज तिवारी की ओर से पूज्य कुलगुरु व पुराण वाचक डॉ पुरुषोत्तम मिश्र तथा कथा व्यास के सहित यज्ञाचार्य पं. कृष्ण देव द्विवेदी व अन्य सभी आचार्य लोगों का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया ।कथा के आयोजक सुरेश चंद्र तिवारी व राकेश तिवारी संयोजक प्रेम शंकर तिवारी व हरिश्चंद्र तिवारी तथा व्यवस्थापक सर्वेश तिवारी की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर त्रियुगी नाथ तिवारी, रईस चंद्र शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ,सुनील कुमार तिवारी ,महेंद्र कुमार पांडेय ,रामदेव द्विवेदी, गप्पू शुक्ल आदि लोग शामिल रहे।

श्रीमद्भागवत कथा : मन की सानुकूलता ही सुख है मन की प्रतिकूलता ही दुःख है : विशाखा उपाध्याय



अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी क्षेत्र के चकदोंदी स्थित कालीबाड़ी मन्दिर के बगल 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं कथा के पांचवे दिन वृन्दावन से पधारी कथा वचिका देवी विशाखा उपाध्याय ने बाके बिहारी लाल के जयघोष पूरा प्रांगण भक्ति मय कर दी। उन्होंने कहा कि मन की सानुकूलता ही सुख है। मन की प्रतिकूलता ही दुःख है, इसलिए जरूरी है कि हम मन को वश में रखें। साथ ही कहा कि भक्त के जीवन में जो मिला है उसे सहर्ष स्वीकार कर लेने की मस्ती होनी चाहिए जब हम प्रत्येक परिस्थिति में आनंद लेना सीख लेंगे तो वह आनंद हमसे कोई नहीं छीन सकेगा। इस आयोजन में मुख्य रूप से प्रदीप सैनी, पंकज सैनी, गोविन्द चौरसिया, नयन कुमार कुशवाहा, पप्पू केसरवानी समेत बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोहः जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में विज्ञान की गूंज

करछना। प्रयागराज जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित अतिथिगण उपस्थित थे, जिनमें विद्यालय के निर्देशक डॉ. आर.पी. पांडेय, श्रीमती कुसुम पांडेय (महिला वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्षा), प्रबंधक डॉ. के.के. शुक्ला, प्राचार्या डॉ प्रियंका सिंह ,श्री राकेश पांडेय एवं अजय शुक्ला शामिल रहे। विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया । राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान भारतीय वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन के 'रमन प्रभाव' की खोज के सम्मान में मनाया जाता है। इस वर्ष के उत्सव का विषय 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' रखा गया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय परिसर में कक्षा 1 से 11 तक के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के निर्देशक डॉ. आर पी पाण्डेय ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जिज्ञासा और नवाचार के बल पर ही देश का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। डॉ. के.के. शुक्ला ने वैज्ञानिक खोजों के रोजमर्रा के जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह समारोह विज्ञान के प्रति छात्रों में रुचि बढ़ाने और देश के विकास में विज्ञान की भूमिका को रेखांकित करने में सफल रहा। अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। डॉ. आर.पी. पांडेय ने छात्रों और शिक्षकों के उत्साह की सराहना करते हुए विज्ञान के क्षेत्र में अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह के अंत में विद्यालय की प्राचार्या डॉ प्रियंका सिंह ने सभी का आभार प्रकट करते हुए समारोह का समापन किया।

सिरसा मण्डल भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक दो मार्च की होगी

सिरसा प्रयागराज यमुनापार मेजा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी संगठन विस्तार एवं सशक्त बनाने को लेकर आगमी दिनांक- 02 (दो) मार्च 2024 दिन शनिवार समय दोपहर 1 (एक) बजे से स्थान श्री माता दान सिंह इण्टर कालेज तरवाई, सिरसा, रामनगर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल यमुनापार प्रयागराज के निर्देश पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा की बैठक होगी। और साथ ही पीएम विश्वकर्मा योजनाओं का ऑनलाइन फार्म भराया जाएगा। इसमें 18 वर्ष के सभी महिलाओं और पुरुषों अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराकर योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना में पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत बढ़ई, फिशिंग नेट का काम करने वाला, नाव का काम करने वाले, लोहार का काम करने वाले / फर्नीचर का काम करने वाले, हथौड़ा और टुल किट निमार्ता, ताला बनाने वाले, अस्त्रकार, सुनार का काम करने वाले , कुम्हार/मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, मोची/ जूता-चप्पल कारीगर, मेसन/राजमिस्त्री, टोकरी/ झाड़ू, निमार्ता, कायर बुनकर, गुड़िया खिलौने निमार्ता, नाई बाल काटने वाले, माला बनाने वाले, धोबी का काम करने वाले, दर्जी सिलाई करने वाले, मछली पकड़ने वाले/जाल बनाने वाले ऐसे संबंधित कार्य करने वाले का ऑनलाइन पंजीकरण होगा।

संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता जरूरी : संतोष पनामा

शंकरगढ़ व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न

शंकरगढ़। शंकरगढ़ के राम वाटिका गेस्ट हाउस में बुधवार को देर शाम शंकरगढ़ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष अरविंद केसरवानी समेत दर्जनों पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सभी ने एक स्वर से व्यापारियों के हित और सुरक्षा को लेकर सहमति जताई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार कल्याण समिति के प्रदेश संयोजक संतोष पनामा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने नवनियुक्त अध्यक्ष और टीम को बधाई देते हुए कहा कि संगठन हमेशा व्यापारियों के हित में काम करे।व्यापार मंडल में पदाधिकारियों को हमेशा पारदर्शिता रखनी चाहिए।सबको साथ लेकर चलें।नई इकाई अच्छे ढंग से कार्य करे,क्योंकि संगठन चलाना इतना आसान नहीं होता। इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि कोई भी व्यापारी छोटा और बड़ा नहीं है।वर्तमान समय में प्रदेश से लेकर जिले और ग्रामीण तक सारे अधिकारी सही ढंग से कार्य कर रहे हैं। फिर भी कहीं भी किसी व्यापारी का उत्पीड़न होता है, तो इसकी जानकारी दें। संगठन हर स्तर तक इसकी लड़ाई लड़ेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सतीश केसरवानी ने कहा कि व्यापारी अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी है। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, व्यापारी नेता सुधा गुप्ता, अनूप केशरवानी,रतन केसरवानी आदि ने भी विचार रखे।अध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने सभी का आभार जताते हुए हमेशा संगठन के हित में कार्य करने की बात कही ।इस मौके पर एसीपी संतलाल सरोज,थानाध्यक्ष शंकरगढ़ ओम प्रकाश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शंकरगढ़ पार्वती कोटार्य, नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसा लखन लाल केशरी, जिले से आए वरिष्ठ समाजसेवी जय केसरवानी, सुशील जी, चाकघाट से आए लाल जी करवरिया, राजेन्द्र केसरवानी, रामखेलावन गुप्ता, ब्रह्मनारायण केसरवानी, सतीश वैश्य,अशोक कुमार गुप्ता, मुखिया केसरवानी, मूलचंद्र गुप्ता, अनुपमा वैश्य, रोहित केसरवानी, रतन केसरवानी,सुजीत केसरवानी, जय केसरवानी,अजय केसरवानी, निखिल केसरवानी, धीरेंद्र केसरवानी, अर्पण केसरवानी, नीरज केसरवानी नितेश केसरवानी पंकज गुप्ता,नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया, आकाश केसरवानी समेत तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का ओजपूर्ण संचालन सुरेश केसरवानी (ओमशान्ति) ने किया।

नैनी में मासूम को अगवा कर हत्या की नीयत से सूखे कुएं में फेंका

नैनी पुलिस व एओजी की संयुक्त टीम सर्च ऑपरेशन करके बच्चे को बरामद किया

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर मोहल्ला से घर के पास बुधवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे अपने घर के सामने खेल रहा था। बाहर नही दिखा। उसकी आहट परिजनों को नहीं मिली। जिसके बाद घरवाले परेशान हो गये। घर के बाहर काफी खोजबीन की गयी लेकिन यश नहीं मिला। वहीं परिजनों ने नैनी पुलिस को बुधवार को शिकायत की थी। जिसके बाद नैनी इंस्पेक्टर यश पाल सिंह और एसओजी टीम ने सर्च ऑपरेशन करके बच्चे को बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार। यश (5) पुत्र रवि वर्मा लापता हो गया। शाम को वह घर वापस नही लौटा तो घबराए परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से मासूम का पता लगाने में लगी। एक स्थान पर लगे कैमरे की मदद से पुलिस को सुराग मिला। नैनी पुलिस व एओजी की संयुक्त टीम देर रात से ही मासूम की तलाश में क्षेत्र समेत आसपास के थानों में भी सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। गुरुवार को टीम ने मासूम को थाना करछना अंतर्गत भीरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के नीबी गांव स्थित एक सूरखे कुएं से बरामद किया है। मासूम यश की सकुशल सूर्खे कुएं से बाहर निकाला गया। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। नैनी में ऑपरेशन दृष्टि के तहत लगाये गये सीसीटीवी कैमरों की मदद से अपहरणकर्ता की पहचान अभियुक्त दुर्गेश कुमार उपरोक्त के रुप में हुई, अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गहन तलाश दबिश की गयी। जिसके फलस्वरुप गुरुवार को भीरपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि में अपने बहनोई के यहाँ रहता हूँ तथा मेरे बहनोई के पडोसी होने के नाते में रवि वर्मा के घर आता जाता रहता हूँ। बुधवार को में रवि वर्मा के पुत्र को गलत नियत से पतंग दिलाने के बहाने दोपहर को अपने साथ लेकर चला गया था उस समय रवि वर्मा के घर कोई नहीं था। मुझे शाम को मेरे गांव के कुछ लोगों ने उस बच्चे के साथ जंगल में देख लिया था। इस बात से में डर गया तब मैने अंधेरा होने के पश्चात गांव के जंगल में स्थित एक गहरे सूखे कुएं के अन्दर फांसी देने की नियत से बच्चे के गले में रस्सी बांधकर लटका दिया था। जिससे वह बेहोश हो गया तब मैने उसको मरा जानकर कुएं में गिरा दिया था।

किशोरी को बहला फुसलाकर गांव ताल में छिपाया

परिजनों ने दबोचकर पुलिस को सौंपा मऊआइमा। पड़ोस की किशोरी को गांव का युवक बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया था ।जिसे परिजनों ने पकड कर पुलिस को सौंप दिया पुलिस आरोपी युवक को हवालात में डाल कर किशोरी को मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय रजौत घूरीपुर निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी नाबालिग लड़की को 27 फरवरी को शाम के समय घर से निकली परन्तु घर वापस नहीं लौटी। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में गांव के सोनू सरोज पुत्र सरजू प्रसाद सरोज के खिलाफ किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज करा था । बताया गया है कि सोनू और किशोरी से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसपर किशोरी के परिजनों ने सोनू को डांटे थे।आरोप है कि सोनू किशोरी को अपने घर फिर ताल में पुआल में छिपाए हुए था। किशोरी के परिजनों ने दोनों को गुरुवार को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया है।

इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के उच्चीकरण के संबंध में मण्डलायुक्त ने की बैठक

महाकुंभ 2025 में भीड़ प्रबंधन तथा सिक्योरिटी एवं सर्विलेंस को और बेहतर बनाने के दृष्टिगत 950 कैमरों से पूरे मेला क्षेत्र को किया जायेगा कवर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 में भीड़ प्रबंधन तथा सिक्योरिटी एवं सर्विलेंस को और बेहतर बनाने के दृष्टिगत इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के उच्चीकरण के संबंध में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता एवं मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय स्थित त्रिवेणी सभागार में बैठक संपन्न हुई जिसमें आई ट्रिपल सी के उच्चीकरण से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। आई ट्रिपल सी के उच्चीकरण के संबंध में आईआईटी कानपुर से

वेटिंग कराई गई थी जिसके पश्चात उनके द्वारा दिए गए टेक्निकल ऑब्जरवेशन को सम्मिलित करते हुए उच्चीकरण का प्रस्ताव बनाया जा रहा है।कुंभ 2019 के सापेक्ष महाकुंभ 2025 में मेला क्षेत्र में लगभग 2 गुना कैमरे लगाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत लगभग 950 कैमरों से पूरे मेला क्षेत्र को कवर किया जाएगा। इसमें 120 पार्किंग लाट्स भी सम्मिलित रहेंगे। कैमरों से बेहतर फीड लेने हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड वीडियो एनालिटिक्स का प्रयोग किया जाएगा जिससे कि बेहतर क्राउड प्रबंधन एनालिसिस की जा सकेगी। इस मॉडल का प्रयोग करके प्रशासन को अधिक भीड़भाड़ वाली जगह से लोगों को स-समय सुरक्षित निकालने तथा अधिक भीड़ भाड़ वाली सड़कों पर भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था करने में आसानी होगी। इस मॉडल को फूल प्रूफ बनाने के दृष्टिगत पहले से ही ड्राई रन चलाया जाएगा तथा हर प्रकार की एरर टेस्टिंग की जाएगी ताकि महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की समस्या ना आए।महाकुंभ में आई ट्रिपल सी में चल रहे कॉल सेंटर का भी विस्तारीकरण किया जाएगा जिसके अंतर्गत 30 से बढ़ाकर उसे 50 सीटर कर दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त व्यूइंग केंद्रों को दो से बढ़ाकर चार करने का प्रस्ताव है। आई ट्रिपल सी तथा मॉडर्न कंट्रोल रूम पुलिस लाइन एमसीआर (सीसीसी) के अतिरिक्त झूंसी एवं अरैल क्षेत्र में भी एक-एक व्यूइंग केंद्र बनाए जाएंगे।

न्यूज झरोखा

संगम एक्सप्रेस का बदलेगा ठौर, अब सूबेदारगंज से होगा संचालन

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन से मेरठ सिटी जाने वाली संगम एक्सप्रेस का पता बदलने जा रहा है। प्रयागराज से इस ट्रेन का संचालन अब प्रयागराज जंक्शन की बजाय सूबेदारगंज से होगा। रेलवे बोर्ड ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा किसी भी दिन इस ट्रेन को प्रयागराज की बजाय सूबेदारगंज चलाए जाने का पत्र जारी किया जा सकता है।पिछले कुंभ 2019 में ही सूबेदारगंज स्टेशन को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया। ताकि प्रयागराज जंक्शन से चलने वाली ट्रेनें यहां शिफ्ट की जा सके।अब तक यहां प्रयागराज-उधमपुर सुपरफास्ट, प्रयागराज-देहरादून, कानपुर मेमो, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मेमो आदि ट्रेनें वहां शिफ्ट की जा चुकी है। इसके अलावा समय-समय पर तमाम स्पेशल ट्रेनें भी सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से ही संचालित की जाती रहीं है। इसी क्रम में अब मेरठ सिटी जाने वाली संगम एक्सप्रेस सूबेदारगंज स्टेशन शिफ्ट होने जा रही है। गाड़ी संख्या 14163 संगम एक्सप्रेस अब प्रत्येक शाम 5.50 बजे सूबेदारगंज से चलेगी। वर्तमान समय यह ट्रेन शाम 5.45 बजे प्रयागराज जंक्शन से चल रही है।इसी तरह वापसी में 14164 संगम एक्सप्रेस सुबह 8.30 बजे सूबेदारगंज पहुंच जाएगी। वर्तमान में संगम एक्सप्रेस 8.35 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचती है। रेलवे बोर्ड के निदेशक/कोचिंग संजय आर नीलम ने इस आशय का पत्र जारी कर दिया है। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा किसी भी दिन संगम एक्सप्रेस सूबेदारगंज शिफ्ट की जा सकती है। बता दें कि पिछले वर्ष ही संगम एक्सप्रेस को एलएचबी रेक से लैस हुई थी।

नमामि गंगे मिशन से जुड़ने वाला पहला स्टेशन बना छिवकी

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल ने टॉप 10 मिशनों में जल शक्ति मंत्रालय के नमामि गंगे मिशन से जुड़ाव किया है। नमामि गंगे मिशन के फ्लैगशिप कार्यक्रम के लिए जलशक्ति मंत्रालय के साथ समझौता किया है। समझौता ज्ञापन के तहत विभिन्न अभियानों के माध्यम से गंगा नदी को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक करने और आम जनता की भागीदारी बढ़ाने के मिशन पर काम करेंगे। जल शक्ति मंत्रालय के नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत चल रहे 'अर्ध गंगा' कार्यक्रम के तहत प्रयागराज छिवकी स्टेशन को चयन किया गया है भारतीय रेल के पहले स्टेशन प्रयागराज छिवकी स्टेशन का चयन कर मंडल ने यह उपलब्धि हासिल की है। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत इसे लेकर बधाई दी है। इससे पहले भी प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी नमामि गंगे मिशन पर कई कार्यक्रम आयोजित करा चुके हैं।प्रयागराज जंक्शन पर नुक्कड़ नाटक, जागरूकता अभियान के साथ ही आरपीएफ के जवानों से यात्रियों को संदेश दिलाया गया था।

तलाक लिए बगैर लिव इन रिलेशनशिप महज एक व्यभिचारी रिश्ता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना तलाक लिए लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला और उसके साथी को सुरक्षा देने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने कहा, तलाक लिए बगैर लिव इन रिलेशनशिप महज एक व्यभिचारी रिश्ता है। इसे अदालती संरक्षण नहीं दिया जा सकता। ऐसा करने से समाज में अराजकता पैदा हो जाएगी। कोर्ट ने याची जोड़े पर दो हजार का जुमार्ना लगाते हुए याचिका खारिज कर दी।यह फैसला न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल ने अलीगढ़ की मुस्लिम महिला और उसके लिव इन पार्टनर अविनाश की ओर से सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनाया। याचियों के वकील का कहना था कि महिला का निकाह राजू के साथ हुआ था, जिससे पांच वर्ष की बेटी भी है। राजू आदतन शराबी है। नशे में पत्नी के साथ मारपीट करता था। इसकी शिकायत के बावजूद घरवालों ने कोई कदम नहीं उठाया। इसी कारण पांच साल की बेटी के साथ उसने अपनी मर्जी से पति का घर छोड़ दिया। वह अविनाश के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही है। इस रिश्ते से खफा पति राजू से उन्हें जान का खतरा है। दलील का विरोध करते हुए राज्य सरकार के वकील ने कहा कि शादीशुदा महिला ने न तो पति से तलाक लिया है और न ही धर्म परिवर्तन कानून की धारा 8 और 9 की औपचारिकता ही पूरी की है। कोर्ट ने कहा कि पति के हिंसक बर्ताव के कारण बिना तलाक लिए लिव इन रिलेशनशिप महज एक व्यभिचारी रिश्ता है, जो किसी कानून से समर्थित नहीं है। इस जोड़े को अदालत से संरक्षण और सुरक्षा मांगने का हक नहीं है। अदालत इस रिश्ते को मान्यता नहीं दे सकती। अवैध रिश्ते को संरक्षण देने से समाज में अराजकता पैदा हो जाएगी। कोर्ट ने दो हजार रुपये का जुमार्ना लगाते हुए 15 दिनों में मध्यस्थता केंद्र में राशि जमा करने का निर्देश भी दिया।

महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों को कुंभ मेला अधिकारी ने किया नरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से तीन कार्यों का निरीक्षण गुरूवार को मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद द्वारा किया गया। उन्होंने फाफामऊ में बसना नाले के किनारे प्रयागराज विकास प्राधिकरण मार्ग से बेला कछार पार्किंग तक बनाए जा रहे मार्ग, फाफामऊ साइड के शान्तीपुरम में सेक्टर-ए के अन्दर से होते हुए बेला कछार तक बनाए जा रहे सम्पर्क मार्ग तथा प्रयागराज लखनऊ मार्ग से फाफामऊ साइड में एस0टी0पी0 मार्ग से बेला कछार मार्ग में इण्टरलाकिंग से कराए जा रहे नवनिर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीपीआईए को साइट पर बिछाई जा रही जीएसबी की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए।

परिणय सूत्र में बंधे 33 जोड़े

सोरांव। वृहस्पतिवार को सोरांव विकास खंड में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 33 जोड़े एक दूसरे के हुए तथा सात फेरे लेकर साथ निभाने की कसमें भी खाए। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल, बीजेपी गंगापार जिला अध्यक्ष कविता पटेल,संग ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार सरोज ने उपस्थित सभी नव दंपतियों का संबोधन के माध्यम से आशीर्वाद भी दिए।जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जो कि पूरे प्रदेश में बड़े ही धूमधाम से कराया जाता है। और प्रत्येक जोड़े के लिए सरकार द्वारा 51 हजार रुपए की धनराशि भी अवमुक्त की होती है। जिसमें से 35 हजार रुपए कन्याओं के खाते में व 10000 का शादी का सामान, 6000 भोजन में खर्च किया जाता है। इतना ही नहीं सोरांव ब्लॉक के जिम्मेदार खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने हर वर्षों की भांति इस वर्ष बहुत ही अच्छे तरीके से सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न करवाए। जो एक मिसाल है। जिसमें लगभग हजारों लोगों का भोजन भी करवाया गया। सभी लोगों के आनंद के लिए डीजे संग पटाखे भी फोड़े गए। अंत में खंड विकास अधिकारी ने अपने भाषण में नव संपत्ति को नए दंपत्ति जीवन की शुरूआत करने के लिए आशीर्वाद भी दिए। तथा सरकार के सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं के बारे में सभी लोगों को जागरुक भी किया।आए सभी नव दंपति को रीति रिवाज के अनुसार शादी संपन्न की गई। इस मौके पर सुरेंद्र यादव सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), एडीओ समाज कल्याण राकेश कुमार यादव,सचिव अंकित मौर्य, सचिव कौशल कुमार,स्थापना बाबू अल्ताफ आलम, लेखाकार संजय कनौजिया, लेखा सहायक देवानंद श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी मिथिलेश मिश्रा, सचिव मोहम्मद साकिब अली, सचिव रिद्धि मिश्रा, रिचा सिंह, सुनीता सिंह,प्रधान प्रतिनिधि बाहर सराय राम गणेश मौर्य, ग्राम प्रधान पति बारी जंग बहादुर पटेल, प्रधान रविराज सोनकर, बनवारी लाल, आनंद यादव,वाहन चालक सुभाष सिंह संग सैकड़ो लोग रहे।

संदिग्ध दशा में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान मचा कोहराम

मेजा। क्षेत्र के छतवा गांव में एक विवाहिता द्वारा बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान देने का मामला प्रकाश में आया है। सुबह जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस मायके वालों को सूचित कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के छतवा गांव निवासी राजकुमार की पत्नी खुशबू (22) बुधवार की रात अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब परिजनों को जैसे ही जानकारी हुई घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर सिरसा चौकी के उपनिरीक्षक गौरव यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पंहुचे और मृतका के मायके वालों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका खुशबू का मायका मेजा थाना क्षेत्र के उसकी जरार गांव में है। उसकी शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी।

कार्यालय ग्राम पंचायत बरियावा विकास खंड नेवादा जनपद कौशांबी

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरियावा विकासखंड नेवादा जनपद कौशांबी में मनरेगा योजना अंतर्गत वर्ष 2023 वर्ष 2024 में गौशाला में टीनशेड का निर्माण कार्य कराया जाना है उपरोक्त कार्य की अनुमानित लागत 12 लाख 74 हजार 851 रुपए प्रस्तावित है गौशाला में टीनशेड के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति के लिए पंजीकृत फर्म से निविदा आमंत्रित है 02 मार्च 2024 से 10 मार्च 2024 तक पंजीकृत फर्मो द्वारा निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय बरियावा में जमा कर निविदा में भाग लिया जा सकता है 11 मार्च 2024 को दोपहर 12:00 बजे उपस्थित फर्म के समक्ष सार्वजनिक तरीके से निविदा खोली जाएगी निविदा स्वीकृत और अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

वेद प्रकाश	मिथिलेश
पंचायत सचिव	ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बरियावा	ग्राम पंचायत बरियावा
विकास खंड नेवादा जनपद कौशांबी	विकास खंड नेवादा जनपद कौशांबी

गंगा महोत्सव कार्यक्रम में किन्नर समुदाय द्वारा दिया गया स्वच्छता संदेश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। गंगा महोत्सव कार्यक्रम का अयोजन राज्य स्वच्छ गंगा मिशन एवं जिला गंगा समिति प्रयागराज के द्वारा संगम में आयोजित किया गया है जिसमे किन्नर समुदाय की सहभागिता से कई कार्यक्रम आयोजित किए ' सबसे पहले नुक्कड़ नाटक तथा गंगा स्वच्छता पद यात्रा बड़े हनुमान मन्दिर का शुभारंभ मुख्य अतिथि किन्नर महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी टीना मां एवम जिला गंगा समिति सचिव महावीर कौजलगी द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया ' कार्यक्रम में एसडीओ संगीता,कम्युनिकेशन यूनिट हेड सोनालिका सिंह, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह , सामाजिक कार्यकर्ता नाजिम नसारी ,सिविल डिफेंस के राकेश तिवारी व टीम, गंगा टास्क फोर्स, नगर निगम टीम , राजू भईया यूनिवर्सिटी के छात्रों की टीम, दुकान जी उपस्थित रही ' रैली यात्रा में संगम नोज तक प्रयागराज तक किन्नर समुदाय की सहभागिता से सभी को गंगा स्वच्छता के प्रति स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया ' इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में किन्नर समुदाय द्वारा खास गंगा स्वच्छता पर गीत प्रस्तुत कर स्वच्छता का संदेश दिया गया जिसमे मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक शेष नारायण उपस्थित रहे' सामाजिक कार्यकर्ता नाजिम अंसारी द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत किया गया ' मौके पर मुख्य वन संरक्षक ने कहा नदी महोत्सव जैसे जागरूकता कार्यक्रम गंगा के पुनरुद्धार में जनभागीदारी के महत्त्व पर प्रकाश डालता है और प्रत्येक व्यक्ति को जागरूकता के साथ प्रकृति से तालमेल बनाना होगा। इसी क्रम में टीना मां ने अपने सम्बोधन में जिला गंगा समिति को किन्नरों को समाज की मुख्य धारा में शामिल कराने के प्रयास और उनको गंगा स्वच्छता अभियान से जोड़ने हेतु आभार व्यक्त किया और कहा की किन्नर समुदाय गंगा स्वच्छता संदेश लोगो तक पहुंचने के आगे आएगा ' डीएफओ महावीर कौजलगी ने किन्नर समुदाय भी देश में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। उन्हें सिर्फ समाज अवसर मिलने की जरूरत है ' कम्युनिकेशन यूनिट हेड सोनालिका ने कहा गंगा स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और सबको प्रदूषण मुक्त करने के लिए आगे आना चाहिए ' डीपीओ एशा सिंह ने नमामि गंगे अभियान में चल रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कार्य तथा कार्यक्रम का समापन गंगा स्वच्छता शपथ से किया गया ' कार्यक्रम का संचालन सुधीर सिंह ने किया 'कार्यक्रम के अयोजन में खास सहयोग एनजीओ बीओसी फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं समर्पित ट्रस्ट का रहा।

कार्यालय जिला पंचायत , कौशाम्बी

पत्रांकः 5315 /निविदा-जि0पं0कौ0/2023-24 दिनांक 29.02.2024

अल्पकालिक ई-निविदा-सूचना

कार्यालय के पत्र संख्याः 5303/निविदा-जि0पं0कौ0/2023-2024 दिनांक 27.02.2024 के द्वारा पंचत वित्त आयोग/15 वाँ वित्त आयोग (अनटाइड-टाइड) ग्रान्ट से 36 निर्माण कार्यो की ई-निविदा के माध्यम से दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण, भारत संवाद एवं अखण्ड भारतस संदेश में प्रकाशित कराते हुए दिनांक 01.03.2024 को सायं 05.00 बजे से दिनांक 06.03.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक अपलोड किया जाना था, तथा दिनांक 06.03.2024 को अपराह्न 02:30 बजे से निविदा समिति के समक्ष बिड खोला जाना था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा को अपलोड एवं खोलने की तिथि को संशोधित करते हुए दिनांक 04.03.2024 को सायं 05:00 बजे से दिनांक 11.03.2024 को अपराह्न 02.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है, तथा दिनांक 11.03.2024 को अपराह्न 02.30 बजे से निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से सम्बन्धित शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

अभियन्ता	अपर मुख्य अधिकारी	अध्यक्ष
जिला पंचायत, कौशाम्बी	जिला पंचायत, कौशाम्बी	जिला पंचायत, कौशाम्बी

अवसान माता पूजन उत्सव में पहुंचे सिक्किम के राज्यपाल, सशक्तीकरण पर दी जागरूकता

तेजगढ़ में छठवें पूजन महोत्सव में अवसान माता की महिमा का हुआ गुणगान

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। तेजगढ़ में गुरूवार को छठवें विशाल अवसान माता पूजन महोत्सव में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने सशक्तीकरण के क्षेत्र में महिलाओं को जागरूकता प्रदान की। अवसान माता के पूजन उत्सव का शुभारंभ सिक्किम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने अवसान माता के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में मौजूद महिलाओं ने भी अवसान माता के पूजन अर्चन के साथ देवी के जयघोष लगाये।

सिक्किम के राज्यपाल को सम्मानित करते आयोजन समिति के पदाधिकारा।

राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि भारत देश सदैव देवियों के पूजन अर्चन व उनकी शक्ति को नमन करता आ रहा है। उन्होने कहा कि महिलाएं भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाये रखने में अपने चरित्र बल से समाज का सशक्त नेतृत्व किया करती हैं। उन्होंने महिला सशक्तीकरण से जुडे सरकार के कई कल्याणकारी कार्यक्रमों को भी अप्रतिम ठहराया। वहीं कार्यक्रम में अवसान माता को मत्था टेकने के बाद महिलाओं ने अपने आंचल में प्रसाद भी भरा। समारोह में अवसान माता की वरदानी महिमा का भी जमकर गुणगान हुआ। समारोह में जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता ने भी महिलाओं के समाज में बराबरी के योगदान की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य व प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष राज्यसभा सदस्य गीता शाक्या रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व संचालन साहित्यकार अनूप अनुपम ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं भाजपा महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह तथा आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह ने सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को नागरिकों की ओर से सारस्वत सम्मान सौंपा। इस मौके पर भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, कुलवंत सिंह, नागेश प्रताप सिंह, केके सिंह आदि रहे। इसके पूर्व तेजगढ़ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को पुलिस प्रशासन द्वारा गॉड आफ आनर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति देख राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य व आयोजन से जुडे लोगों को गदगद देखा गया। वहीं सिक्किम के राज्यपाल के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर कडे सुरक्षा प्रबन्ध भी नजर आये।

ओपीडी में सो रहे है चिकित्सक की वायरल हुई फोटो

रानीगंज कैथौला पीएचसी का है मामला

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। ओपीडी में मरीजों को परामर्श देने के बजाय चिकित्सक साहब स्टूल पर पैर रखकर कुर्सी पर ही नींद पूरी करने लगे। किसी ने सो रहे डॉक्टर की फोटो को लेकर सोशल मीडिया पर भेज दिया। जिसे लेकर लोगो के बीच चर्चा बनी हुई है।

स्थानीय विकास खंड स्थित रानीगंज कैथौला पीएचसी में तैनात डॉ0 प्रेमशंकर के रहते हुए शासन की मंशा कैसे सफल हो पाएगी? गरीब लोगो को अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था से वंचित कर जिम्मेदार लोग सरकार की योजना को पंगु बनाने की ठान ली है। हालात यह है कि मरीजों को परामर्श देने के बजाय वह ओपीडी कक्ष में ही स्टूल पर पैर रखकर कुर्सी पर ही सो गए। दूर-दराज से आने वाले मरीज जैसे कक्ष में प्रवेश करते कि डॉक्टर साहब को सोते देख उल्टे पांव वापस हो जाते। वहीं किसी ने इस दृश्य को कैमरा में कैद कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। लोगों की मानें तो यह वायरल फोटो 27 फरवरी की बताई जा रही है। वहीं विभागीय सूत्रों की माने तो चिकित्सक की तैनाती को भी लगभग सात वर्ष हो गए है। अच्छी पकड़ के चलते इन पर तबादला नीति भी लागू नहीं हो सकी है। इस संबंध में अधीक्षक ने बताया कि उनका स्वास्थ्य ठीक नही था इस लिए कुर्सी पर ही सो गए।

ओपीडी में सोते चिकित्सक।

पति व ससुर ने विवाहिता को मारपीट कर किया घायल

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। एक तरफ केंद्र व प्रदेश की सरकार नारी सशक्तिकरण को शक्ति शाली के रूप में देखने की तैयारी कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ सरकार की नारी सशक्ति करण को कमजोर करने के लिए मानिकपुर पुलिस अपना पुराना रवैया अख्तियार किये हुए है जिसका नजारा जनपद के मानिकपुर थाना क्षेत्र के मुंदीपुर गांव मे देखने को मिला, जहां की निवासी किरन जायसवाल ने सीओ कुंडा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि दहेज के लिए उसका पति और ससुर आए-दिन उसके साथ मारपीट करते हैं। 28 फरवरी की रात उसके पति और ससुर ने शराब पीकर उसे लाठी डंडे से मारा पीटा जिससे उसे गंभीर चोटे आयी। पीड़ित महिला रात में ही मानिकपुर थाना पहुंची। पीड़िता किरन जायसवाल का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई के बजाय उसे थाने से डांट डपटकर भगा दिया जिसके बाद गुरुवार को पीड़िता सीओ कुंडा के कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देकर कारवाई की मांग किया। सीओ कुंडा ने मानिकपुर थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है।

कुण्डा तहसील के बिहार क्षेत्र में पकड़ा गया मुन्ना भाई

परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते डिप्टी डायरेक्टर।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। हाईस्कूल विज्ञान की परीक्षा में कुण्डा तहसील के बिहार क्षेत्र में मीरा देवी इंटरमीडिएट कालेज लोदीपुर देवरी पट्टी परीक्षा केन्द्र पर आज सुबह एक मुन्ना भाई रंगेहाथ पकड़ लिया गया। इस परीक्षा केन्द्र पर विज्ञान विषय में पंजीकृत त्रृषप ओझा अनुक्रमांक 1214542661 के स्थान पर जय सिंह यादव पुत्र विजय कुमार यादव शिव प्रसाद पुरवा निवासी पकड़ा गया। परीक्षा के केन्द्र व्यवस्थापक की सूचना पर फर्जी परीक्षार्थी जय सिंह यादव को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया। वैसे आज अन्य केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा हुई है। आज हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा में 56854 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 4795 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। 52059 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसे परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती का कारण बताया जा रहा है। इंटर की परीक्षा में अरबी व लेखाशास्त्र की परीक्षा थी जिसमें 225 परीक्षार्थियों में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये।

हाईस्कूल विज्ञान में 4795 परीक्षार्थी हुए अनुपस्थित

डिप्टी डायरेक्टर प्रयागराज मंडल ने परीक्षा का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। डिप्टी डायरेक्टर प्रयागराज मंडल आरएन विश्वकर्मा ने जनपद की परीक्षा की हकीकत देखा। उनके साथ ज्योति शुक्ला ऊप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाएं प्रयागराज मंडल साथ रहे। लीजन अफसर के रूप में डॉक्टर मोहम्मद अनीस रहे। इस दौरान के पी कॉलेज, श्रीराम बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, मथुरा प्रसाद इंटर कॉलेज चिलबिला, अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज, एवं लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ देखा। सभी स्थानों पर परीक्षा सीसीटीवी एवं वॉइस रिकॉर्डर की निगरानी में सुचिता पूर्ण ढंग से एवं नकल विभिन्न संपन्न होते देखी गई। टीम के साथ अबरार अहमद कैलाश यादव सौरभ तिवारी आदि रहे।

विकसित संकल्प यात्रा का आज कम्पनी गार्डेन में हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शासन के निर्देश पर 10 फरवरी से नगर पंचायतों में शुरु हुआ विकसित संकल्प यात्रा का आज 29 फरवरी को नगर पालिका के कम्पनी गार्डेन व पूरे केशवराय के राम-राम चैराहे पर आयोजित कार्यक्रमों का समापन किया गया।

कम्पनी गार्डेन में नगर पालिका के खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सिंह, मिथिलेश सिंह, सगरा व दहिलामऊ के सभासदों व क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति में एलईडी वैन से केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण

एलईडी वैन से लोगों को किया गया जागरुक

योजनाओं स्वनिधि योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, पीएम बीमा योजना आदि का व्यापक रुप से चलचित्रों के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। शासन अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसाद सुनियोजित ढंग से आम लोगों के बीच कर रही है। इसी प्रकार का कार्यक्रम पूरे केशवराय के राम-राम चैराहे पर सम्पन्न हुआ। यहां पर एलईडी वैन से प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरुक किया गया।

परीक्षार्थियों की सेहत का रखा ख्याल, बांटा फर्स्ट एड बॉक्स

बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने इंटर कालेजों में किया निशुल्क वितरण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को सेहत बिगड़ने का डर सताता रहता है। इसका असर उनके पेपर पर पड़ेगा। वे परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। उनका भविष्य बर्बाद न हो इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने परीक्षा केंद्रों पर फर्स्ट एड बॉक्स का निःशुल्क वितरण कर छात्रों की सेहत बचाने की अनूठी पहल की है।

गुरुवार को बोर्ड परीक्षा के लिए शहर में बने परीक्षा केंद्रों पर बॉक्स को वितरित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में भी फर्स्ट एड बॉक्स दिया गया। बच्चा बैंक की इस पहल का शिक्षकों ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि बच्चा बैंक के इस नवाचार के बारे में वे अपने स्कूल के छात्र और छात्राओं को बताएंगे ताकि उनके अंदर भी दूसरों की मदद की भावना जाग्रत हो सके।

फर्स्ट एड बॉक्स के साथ तिलक इंटर कालेज के प्रिंसिपल प्रमोद त्रिपाठी।

इन दिनों हाई स्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा चल रही है। परीक्षा सेंटरों पर छात्रों को मौसमी बीमारी जैसे बुखार,सिरदर्द, दस्त का संक्रमण हो सकता है। चोट भी लग सकती हैं। इन सब से उनको फौरी तौर पर राहत मिल सके इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने तिलक इंटर कालेज, अबुल कलाम आजाद, मॉडर्न साइंस, राजकीय इंटर कालेज, श्रीराम बालिका इंटर कालेज के साथ साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में भी फर्स्ट एड बॉक्स का वितरण किया है।

छात्रों को करेंगे प्रेरित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। तिलक इंटर कालेज के प्रिंसिपल प्रमोद त्रिपाठी ने बच्चा बैंक की पहल का स्वागत किया। बोले कि वे अपने बच्चों से कहेंगे इस तरह की चीजें बनाए। मॉडर्न साइंस के प्रिंसिपल डाक्टर राकेश शुक्ला काफ़ी प्रसन्न हुए। कहा कि यह कार्य छात्रों को आइना दिखाने वाला है। अबुल कलाम के प्रिंसिपल ने भी सराहा।

प्लेटफॉर्म पर अचेत मिला यात्री, अस्पताल में भर्ती

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर गुरूवार को पचास साल का एक यात्री अचेत अवस्था में मिला। आरपीएफ ने इलाज के लिए उसे मेडिकल कालेज के राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया है। आरपीएफ के अनुसार यात्री पद्मावत एक्सप्रेस से आया है। प्लेटफार्म पर बैठा था। कुछ समय बाद अचेत हो गया। वह अमेठी का रहने वाला बताया गया।

फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थानान्तर्गत साहबगंज बाजार में पोस्ट आफिस कार्यालय से जुड़ी सीढ़ी के सहारे गुरूवार सुबह फांसी के फंदे से एक युवक का शव लटकता देख हडकंप मचा गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लीलापुर थाना के बहलोलपुर निवासी जितेन्द्र मिश्र 25 पुत्र सुनील मिश्र का गुरूवार सुबह साहबगंज स्थित पोस्ट आफिस कार्यालय से जुडी सीढ़ी के सहारे फांसी के फंदे से शव लटकता मिला। सुबह करीब छः बजे आसपास के लोगों ने देखा और उसकी पहचान जितेन्द्र के रूप में हुई तो उसके घर पर सूचना दिया।

जानकारी होते ही रोते बिलखते परिजन वहां पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवया। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। वह अविवाहित था। पिता सुनील मिश्र मेरठ में ट्रक चलाता है। उसे बेटे की मौत की सूचना दी गयी है। युवक की मौत को लेकर मां मीरा देवी, भाई महेन्द्र समेत परिवार के लोगों का रो रो कर बुराहाल है। प्रभारी थानाध्यक्ष लीलापुर किसन सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मृतक के भाई महेन्द्र मिश्र ने मौत की इत्तेफाकिया सूचना दी है। घटना की जांच की जा रही है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मंगापुर में करोड़ो की लागत से बने अग्निशमन केंद्र का हुआ भव्य लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर में सीएम योगी आदित्यनाथ के द्वारा लाइव कार्यक्रम में गुरूवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्र का समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। पिछले 2016 में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के द्वारा अग्निशमन केंद्र की आधारशिला रखी गयी थी।

विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा अपनी क्षेत्रीय विधायक निधि से अग्निशमन नियंत्रक वाहन की खरीद के लिए पचीस लाख रूपये भी प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन के बाद विधायक

क्षेत्रीय विधायक मोना की ओर से संसाधनों की उपलब्धता का दिलाया गया भरोसा

आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने तीन करोड़ बासठ लाख की लागत के भवन का लोकार्पण कर इसे क्षेत्रीय लोगों को समर्पित किया। लोकार्पण समारोह में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे।

वहीं जौनपुर जोन मुख्य अग्निशमन अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने अग्निशमन सेवाओं में आपात सेवाओं के भी प्रभावी होने के बिंदुओं पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय विधायक मोना एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने नवनिर्मित अग्निशमन केन्द्र में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने की बात कही। समारोह को संबोधित करते हुए मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने रामपुर खास में सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के दूरदर्शी चिन्तन की उपलब्धि के रूप में एक ही निर्वाचन क्षेत्र में पांच पांच फायर बिग्रेड की स्थापना को जन धन हानि को रोके जाने में बड़ा कदम ठहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू तथा संचालन फायर बिग्रेड के राधेश्याम दुबे ने किया।

भारत के दृष्टिकोण को आकार देने के लिए जरूरी है सबकी सहभागिता

प्रतापगढ़। सबको न्याय, हर घर न्याय अभियान को बुलंदी पर ले जाने तथा कार्यक्रम को जनसरोकार से जोड़कर बेहतर करने के लिए जहां सरकार एक तरफ अपने इरादों के प्रति संकल्पित दिखाई दे रही है वहीं दूसरी तरफ टेली ला कार्यक्रम के तहत इवेंट के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है । टेली ला कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के राज्य समन्वयक वागीश सिंह का कहना है कि सबको न्याय प्राप्त करने और दिलाने के लिए सभी लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। इससे भारतीय दृष्टिकोण को नया आकार मिलेगा। आगामी 5 मार्च को लखनऊ में विशाल इवेंट के जरिए लोगों को न्याय विभाग की टेली ला योजना के बारे में जागरूक किया जाएगा, वहीं न्याय मेला आयोजित करके संबंधित विभाग द्वारा मेले में स्टाल के रूप में केंद्र राज्य की नागरिक केंद्रीय सेवाओ को प्रकट किया जाएगा।

नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प से वापस आने पर छात्रों का हुआ भव्य स्वागत, कालेज के प्राचार्य ने किया उत्साह वर्धन

कालेज के प्राचार्य के साथ खड़े असम से वापस आये कैडेट।

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। असम प्रान्त के कृषि विश्व विद्यालय जोरहट असम में एक फरवरी से 12 फरवरी तक नेशनल इंटी ग्रेशन कैम्प के आयोजित में भाग लेने के लिए पूरे भारत के अनेक प्रांतो से लगभग 600 कैडेटो ने प्रतिभाग किया। जिसमे मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर प्रतापगढ़ के तीन एन सी सी कैडेट्स अंन्डर ऑफिसर अंकिता मौर्य, सीनियर ऑफिसर शशांक शुक्ला व रंजीत कुमार मौर्या लखनऊ डायरेक्ट्रेट एन सी सी टीम का हिस्सा रहे।

सफलता पूर्वक प्रतिभाग कर वापस आने पर कालेज की प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह, कालेज प्राचार्य डा0 शिवम श्रीवास्तव, एन0 एन0 ओ0 ऑफिसर डा0 ज्योति गुप्ता ने एन सी सी कैडेट का भव्य स्वागत किया। इन कैडेटस ने उ0 प्र0 एव लखनऊ डायरेक्ट्रेट की तरफ से नेतृत्व किया। महाविद्यालय के कैडेट्स विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार प्राप्त किया। असम जाने वाले कैडेटस ने बताया कि इस कैम्प मे कैडेटो को देश के विभिन्न राज्यों के कैडेटों के साथ सामाजिक एव सांस्कृतिक विचारों का आदान प्रदान किया और एक दूसरे को समझने का अवसर मिला।कैम्प मे काफी कुछ सीखने को मिला। सभी स्टेट के कैडेटस ने अपने अपने स्टेट के संस्कृति का प्रदर्शन किया कैम्प मे पहनावा संस्कृति भले ही अलग हो परन्तु सभी भारतीय संस्कृति मे रचे बसे हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के माध्यम से संगोष्ठी आयोजित

अखंड भारत संदेश

परियावां प्रतापगढ़। विकास खंड कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज कालाकांकर प्रतापगढ़ मे राष्ट्रीय सेवा योजना के चल रहे विशेष शिविर के छठें दिन बौद्धिक सत्र में संवाद सामाजिक संस्थान के प्रतिनिधियों द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई जिसके मुख्य वक्ता संस्था के प्रबंधक आलोक मिश्रा रहे। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीति तथा उससे संबंधित अपराध पर दंड विधान को विस्तार से बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने अपने संबोधन मे इस कुरीति पर समाज मे जागरुकता फैलाने पर बल दिया तीनों ईकाईयों के कार्य कार्यक्रमाधिकारी डॉ डालचंद आनंद, भूपेश प्रताप सिंह एवं डॉ सृष्टि कुशवाहा के नेतृत्व में समस्त शिविरार्थी इस मौजूद रहे।

अचानक पहुंचे सीओ कार्यालय एडीजी, हडकंप

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर गुरूवार को दोपहर बाद अचानक यहां सीओ कार्यालय आ धमके। एडीजी के अचानक सीओ कार्यालय पहुंचने से कोतवाली में भी हडकंप मच गया। एडीजी ने सीओ कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई के पुख्ता प्रबन्ध के निर्देश दिये। लालगंज प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित से कोतवाली क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर अभियान की भी जानकारियां हासिल की। एडीजी को सीओ कार्यालय में देख कुछ फरियादी भी पहुंच गये। इनकी शिकायतें सुनते हुए एडीजी ने निस्तारण का भरोसा दिलाया। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी एडीजी से मुलाकात कर पुलिस से जुड़ी वकीलों की समस्याओं को रखा। एडीजी के लगभग आधे घण्टे सीओ कार्यालय में मौजूद होने की जानकारी पर सर्किल के अन्य थानों में भी पुलिस अलर्ट हुई दिखी।

अचानक पहुंचे सीओ कार्यालय एडीजी, हडकंप

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर गुरूवार को दोपहर बाद अचानक यहां सीओ कार्यालय आ धमके। एडीजी के अचानक सीओ कार्यालय पहुंचने से कोतवाली में भी हडकंप मच गया। एडीजी ने सीओ कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई के पुख्ता प्रबन्ध के निर्देश दिये।

लालगंज प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित से कोतवाली क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर अभियान की भी जानकारियां हासिल की। एडीजी को सीओ कार्यालय में देख कुछ फरियादी भी पहुंच गये। इनकी शिकायतें सुनते हुए एडीजी ने निस्तारण का भरोसा दिलाया। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी एडीजी से मुलाकात कर पुलिस से जुड़ी वकीलों की समस्याओं को रखा। एडीजी के लगभग आधे घण्टे सीओ कार्यालय में मौजूद होने की जानकारी पर सर्किल के अन्य थानों में भी पुलिस अलर्ट हुई दिखी।

डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की विस्तृत समीक्षा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर डीएम ने प्रकट की नाराजगी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू में वा अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को कार्ययोजना बनाकर/कैम्प लगाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 97 प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष लाभार्थियों का भी भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने तथा जननी सुरक्षा योजना के तहत आशाओं का भुगतान समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें हैं। उन्होंने नियमित टीकाकरण की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को एएनएम के साथ समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत जनवरी माह तक कुल 511902 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं, जिस पर जिलाधिकरी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि जिलापूर्ति अधिकारी एवं जिला पंचायतराज अधिकारी से समन्वय कर अवशेष रह गये लाभार्थियों का सर्वे कराकर एक सप्ताह में गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। बैठक में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जनपद में 42 अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर पंजीकृत हैं तथा अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की नियमित निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाती है। बैठक में जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता श्री आकाश दीप ने बताया गया कि संयुक्त जिला चिकित्सालय,कौशाम्बी में अन्य जनपदों की कुल 482 गर्भवती महिलाओं के प्रसव हुए है, जिसमें जनपद फतेहपुर की 279, जनपद चित्रकूट की 123, जनपद प्रयागराज की 49 तथा अन्य जनपदों के 31 सम्मिलित हैं तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत माह जनवरी में कुल 2601 गर्भवती महिलाओं की जॉच की गई, जिसमें 294 अति जोखिमग्रस्त गर्भवती महिलाओं का भी उपचार किया गया।मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद के कुष्ठ रोगियों की सूची उन्हें उपलब्ध करायी जाय, ताकि सत्यापन कराकर पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जा सकें इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

तम्बाकू खरीदने गया अधेड़ हुआ लापता

अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली के ग्राम सभा डोरमा मजरा कन्नूपर थाना सैनी निवासी अधेड़ राधेश्याम यादव पुत्र तलसीराम बीती 26 फरवरी को लापता हो गया।अधेड़ राधेश्याम की पत्नी कमला देवी ने थाना सैनी में शिकायती पत्र देते हुए बताया उसका पति 26 फरवरी शाम को लुकिया मोड़ पर तंबाकू लेने गए थे किंतु घर वापस नही लौटे परिजनों ने संभावित स्थानों,नाते रिश्तेदारी पता कर लिए हैं हुलिया बताते हुए तहरीर दी है वहीं कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लापता अधेड़ राधेश्याम की तलाश में जुट गई है।

सकिपा की मासिक बैठक में होगा कार्यकारिणी गठन

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे कल एक मार्च शुक्रवार को समय 11 बजे से पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में पार्टी की मासिक बैठक होगी। मासिक बैठक में पार्टी की नई कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

न्यूज झरोखा

मतदाता जागरूकता बाइक रैली को डीएम ने किया रवाना

कौशाम्बी जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता बाइक रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली पंचायतीराज, प्रान्तीय रक्षक दल एवं बेसिक शिक्षा विभाग के कार्मिकों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मंझनपुर चौराहा होते हुए सैनी तक निकाली गई। मतदाता जागरूकता बाइक रैली के माध्यम से जनपदवासियों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही कार्मिकों द्वारा मतदान के दिन ह्लछोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदानह्व व ह्लपहले मतदान, फिर जलपानह्व तथा ह्लचाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारीह्व आदि स्लोगन के माध्यम से जनपदवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह तथा जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

खाद्य सुरक्षा जागरूकता रैली को डीएम ने किया रवाना

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से खाद्य सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से जनपदवासियों को सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन का संदेश दिया गया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह तथा सहायक आयुक्त खाद्य शशि शेखर उपस्थित रहे।

आश्रम पद्धति विद्यालय में पंखे से लटकता मिला 10 वी के छात्र का शव, पुलिस जांच में जुटी

कौशाम्बी जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के आश्रम पद्धति विद्यालय में 10 वी के छात्र का पंखे से लटकता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया,टीचर द्वारा खाना के दौरान अटेंडेंस लेने पर छात्र नही मिला तो कमरे में देखा गया और छात्र का शव पंखे से लटकता हुआ मिला।टीचर की सूचना पर पहुंची पुलिस और समाज कल्याण अधिकारी जांच में जुटे हुए है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बरैसा में 10 वी की साइंस की परीक्षा देने बाद छात्र आदित्य ने डिप्रेशन में आकर हॉस्टल के रूम में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।जब उसने हॉस्टल में फांसी लगाई, हॉस्टल के वार्डन ने सभी बच्चों को शाम को खाने की सूची निकालकर नाम बुलाना स्टार्ट किया तो आदित्य छात्र नहीं आया। वार्डन और बच्चों ने जाकर उसके रूम में देखा तो फांसी के फंदे से झूलता मिला। विद्यालय के कर्मचारियों द्वारा पश्चिम शरीरा थाना पुलिस को सूचना दी गई ,मौके पर पहुंचे थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस के लिए भेजा।मृतक छात्र आदित्य दिवाकर पुत्र फूलचंद निवासी बमरौली तहसील खागा उम्र लगभग 18 वर्ष बताया जा रहा है।

डायट आडिटोरियम में ईट राइट क्रिएटिविटी चैलेंज के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

कौशाम्बी। डायट आडिटोरियम में ईट राइट क्रिएटिविटी चैलेंज के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पेटिंग प्रतियोगिता में स्मिता, साहिल व रोमी विजेता रहीं। इसी प्रकार स्लोगन प्रतियोगिता में कुलदीप,विनीता व नीरज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिफा, फिजा व सोनम तथा भाषण प्रतियोगिता में माही व कृति विजेता रहीं। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त खाद्य, प्रयागराज संजय कुमार पाण्डेय द्वारा खान-पान की अच्छी आदतें बनाने और जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी गई। सहायक आयुक्त खाद्य मिजार्पुर डा0 मंजुला सिंह ने चमकीली और रंगीन मिठाइयों से बचने और हरी सब्जियों और फलों से भरपूर भोजन करने का संदेश दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रयागराज राजेश यादव ने भोजन में चीनी, नमक तथा तेल के प्रयोग को कम करने का संदेश दिया। सहायक आयुक्त खाद्य कौशाम्बी शशि शेखर द्वारा उपस्थित लोगों को संतुलित भोजन, जिसमें विटामिन, प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट एवं वसा की उपयुक्त मात्रा के संबंध मे जानकारी दी गई। आमजन बाजार मे मिलावटी खाद्य पदार्थ की शिकायत टोल फ्री न0-1800112100 पर कर सकतें हैं।कार्यक्रम में औषधि निरीक्षक डी0पी0 मौर्या, डायट प्रवक्ता अनिरूद्ध श्रीवास्तव व दिनेश, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की शिक्षिका प्रेमलता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाब उद्दीन सिद्दीकी, नितिन कुमार, प्रमोद कुमार यादव, नरेन्द्र कुमार तिवारी और सेनेटरी सुपरवाईजर अनिल कुमार व विजय शंकर मिश्रा उपस्थित रहे।

सुरक्षित एवं संतुलित भोजन का दिया गया संदेश

आमजन बाजार मे मिलावटी खाद्य पदार्थ की शिकायत टोल फ्री न0-1800112100 पर करायें दर्ज

पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद का हुआ आयोजन

कौशांबी। प्रयागराज एवं कौशांबी बार्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल - कूद का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला (पूर्व सदस्य नार्दन रेलवे बोर्ड भारत सरकार) ने गेम्स की परम्परा का निर्वहन करते हुए मशाल जलाकर किया। वार्षिक गेम्स की शुरूआत रंगारंग कार्यक्रम एवं स्कूल का लोगो गुब्बारे में बांधकर उड़कर किया गया तथा विद्यालय में पूर्व में जीते हुए खिलाड़ियों का उत्कृष्ट सम्मान किया गया। वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता में विद्यालय में पढ़ रहे नर्सरी से लेकर इण्टरमीडिएट तक के छात्र/छात्राओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के पहले दिन नर्सरी से यू.के.जी के छात्र/छात्राओं में मोहम्मद तनवीर टापी दौड़ एवं कक्षा 8 की आशू यादव 60 मीटर दौड़ में, मोहम्मद आतिफ गोला फेक एवं अन्य छात्र/छात्रा खिलाड़ियों ने अनेकों प्रकार के पदक जीते। इसी प्रकार खो-खो बालक वर्ग में कक्षा 9 की टीम ने कक्षा 8 की टीम को 8 - 6 से पराजित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बालिका वर्ग में कक्षा 11 की टीम ने कक्षा 9 की टीम को 7-4 से पराजित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन लम्बी कूद बालिका वर्ग में आशू यादव प्रथम अदीबा बानो द्वितीय रुखसार बानो तृतीय स्थान पर रही। रास्सा कसी बालक वर्ग में कक्षा 9 के छात्रों ने कक्षा 11 के छात्रों को पराजित करके स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में कक्षा 11 की टीम को स्वर्ण पदक व कक्षा 9 की टीम को रजत पदक प्राप्त कर संतोष करना पडा है। कॉलेज के दो दिवसीय भव्य वार्षिक खेल - कूद समारोह पर प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि हमें स्वस्थ रहते हुए लम्बी आयु जीना है तो जीवन में खेल-कूद एवं व्यायाम से हमेशा जुड़े रहना होगा। वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के अंत में शिक्षक साथियों का रास्सा कसी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें अध्यापक मंजीत की अगुवाई वाली टीम ने अध्यापक जयंत की अगुवाई वाली टीम को पराजित करके स्वर्ण पदक हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन क्रीडा अध्यक्ष जगदीश मौर्य ने किया। संयुक्त रूप से खेलकूद प्रभारी आशीष दुबे एवं जयंत पाण्डेय ने जिम्मेदारी निभाई। निर्णायक मंडल में बेबी फरीदा, रिजवाना, अर्चना यादव, गौरव, अनुज सिंह तथा मुख्य रेफरी के रूप में शिव प्रकाश प्रजापति एवं सोनी कुशवाहा की उपस्थिति रही। भव्य कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. श्वेता जायसवाल ने कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का सम्मान करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

विजयी खिलाड़ियों को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया

5वीं व्रजेश कुमार द्विवेदी मेमोरियल रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन

रामनाथ सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में 6 चरणों में आयोजित की गई प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। 5वीं व्रजेश कुमार द्विवेदी मेमोरियल रैपिड चेस टूर्नामेंट का आयोजन जिला शतरंज खेल संघ कौशांबी के तत्वावधान में रामनाथ सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में 29 फरवरी को 6 चरणों में की गई जिसके परिणाम में पहले स्थान पर शिवांश केसरवानी दूसरे स्थान पर सत्यम शुक्ला तीसरे स्थान रितिका त्रिपाठी चौथा स्थान पर प्रिया यादव को पांचवें स्थान पर अंशिका यादव छठे स्थान पर आबाश त्रिपाठी सातवे स्थान पर श्लोक आठवें स्थान पर ऋषभ नौवें स्थान पर कार्तिक दशवे स्थान पर परी यादव रही। आयु वर्ग 11 में पहले स्थान पर अनुप्रिया यादव दूसरे स्थान पर श्री हरि मिश्रा तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान की पार्थ केसरवानी चौथा स्थान पर ऋद्धि रही आयु वर्ग 15 में पहले स्थान पर सार्थक दूसरे स्थान पर राधे कृष्ण त्रिपाठी तीसरे स्थान पर प्रियांशु केसरवानी चौथा स्थान पर कलश को मिला आयोजक स्वधा द्विवेदी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप विश्वकर्मा वा कौशांबी शतरंज संघ के सचिव राघवेंद्र शुक्ला भवभूति बिहारी लाल प्रीति दुबे रहे मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

दिव्यांग युवक ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

भरवारी कौशाम्बी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी भटपुरवा में पारिवारिक कलह के चलते दिव्यांग युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी है युवक के ट्रेन से कटने की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो परिजनो में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई,लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई,सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के भटपुरवा निवासी पप्पू पुत्र अशर्फी लाल पहले ट्रक चलाता था,एक हादसे में उसका एक हाथ कट गया था,और वह दिव्यांग हो गया था,जिसके चलते वह घर पर ही रहता था,किसी कारण से वह परेशान रहता था,बुधवार की देर रात उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।ग्रामीणों और परिजनो को सुबह घटना की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया,ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई,लोगो ने इसकी सूचना भरवारी चौकी पुलिस को दी है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खेलकूद की भावना से पैदा होता है अनुशासन : प्राचार्य

महामाया राजकीय महाविद्यालय में दसवां वार्षिक क्रीड़ा समारोह सम्पन्न

कौशाम्बी। महामाया राजकीय महाविद्यालय का दसवां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन 28 फरवरी एवं समापन 29 फरवरी 2024 को हुआ। समापन समारोह आज दिनांक 29 फरवरी संपन्न हुआ। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार ,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर विशिष्ट अतिथि शिव प्रताप मौर्य, अध्यक्ष युवा वाहिनी विशिष्ट अतिथि अमित कुमार सोनकर ,पार्षद, मंझनपुर रहे इस समापन समारोह की अध्यक्षता डॉ अरविंद कुमार , प्राचार्य, महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा की गई ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माला अर्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया । तदुपरांत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार फौजी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने, और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि शिव प्रताप मौर्य ने कहा कि खेलना हमारे शारीरिक दक्षता और क्षमता को बढ़ाता है। यह हमारे हृदय को मजबूत बनाता है, रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है और मोटापे को कम करता है।विशिष्ट अतिथि अमित कुमार सोनकर ने कहा किखेलकूद से विद्यार्थियों में नेतृत्व, आइघ पालन, समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम करना, खेल की भावना, साहस, सहनशीलता जैसे आवश्यक सद्?गुणों का विकास होता है इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि अनुशासन ही वह रास्ता है जिससे हम अपने लक्ष्य को सही तरीके से प्राप्त कर सकते हैं। यह अनुशासन खेलकूद की भावना से पैदा होता है । यदि हम अपने कामों में अनुशासन नहीं रखेंगे तो हम कभी भी अपने काम में सफलता नहीं पा सकते हैं।मुख्य अतिथि एवं विशेष राशि द्वारा महाविद्यालय के निम्नलिखित छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

100 मीटर दौड़ (छात्रा) मीला देवी ,प्रथम पुरस्कार, गुंजन सरोज द्वितीय पुरस्कार , रचना केसरवानी, तृतीय पुरस्कार 100 मी दौड़ (छात्र)मतेश प्रथम पुरस्कार, हिमांशु द्वितीय पुरस्कार ,अमन सिंह तृतीय पुरस्कार, 200 मीटर दौड़(छात्र) संदीप कुमार प्रथम पुरस्कार , शिवबाबू द्वितीय पुरस्कार , अमन सरोज तृतीय पुरस्कार, 200 मीटर दौड़ (छात्र)मीला देवी प्रथम पुरस्कार ,सुहानी यादव द्वितीय पुरस्कार, कुसुम देवी तृतीय पुरस्कार 400 मीटर दौड़ (छात्र) मतेश प्रथम पुरस्कार, संदीप कुमार द्वितीय पुरस्कार, हिमांशु तृतीय पुरस्कार, 400 मीटर दौड़ (छात्रा) नीला देवी प्रथम पुरस्कार, मनोरमा गौतम द्वितीय पुरस्कार , गुंजन सरोज तृतीय पुरस्कार, गोला फेंक (छात्र) अंकित प्रथम पुरस्कार, हिमांशु द्वितीय पुरस्कार, अमन सरोज तृतीय पुरस्कार ,गोला फेंक (छात्र) प्रतिभा प्रथम पुरस्कार, फूल कुमारी द्वितीय पुरस्कार, रचना केसरवानी तृतीय पुरस्कारचक्का फेंक (छात्र) विकास कुमार प्रथम पुरस्कार, हिमांशु द्वितीय पुरस्कार, अमन सरोज तृतीय पुरस्कार, चक्का फेंक (छात्र) रचना केसरवानी प्रथम पुरस्कार , पूजा भारतीय द्वितीय पुरस्कार , प्रतिज्ञा यादव तृतीय पुरस्कार भाला फेंक (छात्र) हिमांशु प्रथम पुरस्कार , विकास कुमार द्वितीय पुरस्कार ,अमन सरोज तृतीय पुरस्कार, भला फेक (छात्रा) कुसुम देवी प्रथम पुरस्कार ,आंचल केसरवानी द्वितीय पुरस्कार , प्रतिज्ञा यादव तृतीय पुरस्कार

लंबी कूद (छात्र) संदीप कुमार प्रथम पुरस्कार ,शिवबाबू द्वितीय पुरस्कार , हिमांशु तृतीय पुरस्कार, लंबी कूद (छात्र) मीला देवी प्रथम पुरस्कार ,मनोरमा द्वितीय पुरस्कार, सुहानी यादव तृतीय पुरस्कार ,ऊंची कूद (छात्र) अजय कुमार प्रथम पुरस्कार, संदीप कुमार द्वितीय पुरस्कार, अमन सिंह तृतीय पुरस्कार , ऊंची कूद(छात्र) मनोरमा गौतम प्रथम पुरस्कार , मीला देवी द्वितीय पुरस्कार, सुहानी यादव तृतीय पुरस्कार क्रमशः प्राप्त किया।कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ अजय कुमार द्वारा किया गया क्रीड़ा प्रभारी डॉ. अनिल कुमार ने सभी अतिथियों को धन्यवाद व्यापित किया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से , डॉ0 नीलम बाजपेई ,डॉ भावना केसरवानी डॉ.तरित अग्रवाल, डॉ. पवन कुमार, डॉ आनन्द कुमार, डॉ रमेश चंद्र, डॉ अमित शुक्ल, डॉ संतोष कुमार , डॉ शैलेश मालवीय समरजीत राकेश कार्यालय अधीक्षक अजय कुमार दिलीप कुमार सरोज पिंटू लाल मानवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

अवैध पटाखा बनाने व बेचने वालों पर प्रशासन ने चलाया चेकिंग अभियान

तो क्या बड़ी घटना की बाट जोह रहा था प्रशासन

कौशांबी। जिस प्रकार से भरवारी में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग व विस्फोट से लाशों का ढेर लग गया था उसके बाद नकारे प्रशासन पर सवाल उठना लाजिमी हैं जिले भर में अवैध रूप से चल रहे पटाखा फैक्ट्रियों पर अगर समय समय पर चेकिंग कर कारवाई होती तो इतनी बड़ी दर्दनाक घटना को टाला जा सकता था लेकिन प्रशासन तो महज मूक दर्शक बना बैठा रहा। विस्फोट के बाद वहां के मंजर को देखकर अच्छे-अच्छों का कलेजा मुंह को आ गया था एक के बाद अनेक लाशें, उड़े चिथड़े, जले लोगों के शरीर से टपकते खून ने चीख चीखकर प्रशासन के नकारेपन की गवाही दे रहा था। लाशों के ढेर देखने के बाद प्रशासन हरकत में तो आया लेकिन महज कवायद तक ही सीमित रह गया। वहीं सूत्रों की माने तो अभी भी जनपद के कई कस्बों, गांवों में बहुतायत में लोगों ने पटाखों को स्टोर कर रखा है। समय रहते प्रशासन ऐसे मानक विहीन स्टोर करने वालों पर शिकंजा कसने में लापरवाही बरती तो वो दिन दूर नही जब फिर एक बार मंजर देखना पड़ सकता है।

कौशांबी जनपद के नगर पालिका परिषद भरवारी में हुए पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन की नींद टूट गई है जिसके चलते मंगलवार और बुधवार को लाव लश्कर के साथ क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी मिलकर जगह-जगह छापेमारी कर अवैध पटाखा बनाने व बेचने वालों की तलाश में जगह-जगह सर्च ऑपरेशन चलाते रहे। मालूम हो कि रविवार की दोपहर को भरवारी में कई वर्षों से चल रही पटाखा फैक्ट्री में भयानक विस्फोट हुआ था जिसके चलते कई मासूम जिंदगियां काल के गाल में समा गई थी। इसी दुखद घटना को देखते हुए उप जिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू ने भारी पुलिस बल के साथ जनपद के भरवारी, सिराथू व देवीगंज कस्बे में अवैध रूप से पटाखा निर्माण व बिक्री करने वाले लोगों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया जिससे जनपद के पटाखा कारोबारी में हड़कंप मच गया। इस पूरे मामले में क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट को देखते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध रूप से पटाखों को रखे जाने की बात सामने आई है मामले में आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

पक्षपात पूर्ण तरीके से होती है पंचायत सचिव की तैनाती

इलाहाबाद शहर के पॉश इलाके में कई करोड रुपए का फ्लैट खरीदने वाला पंचायत सचिव कौन, ड़ीपीआरओ कार्यालय में 15 वर्षों से सम्बद्ध एक सफाई कर्मी साहब के नाम पर करोड़ों की वसूली कर साहब के बगले तक पहुँचा रहा नोट का झोला

कौशांबी ग्राम पंचायत के विकास के लिए ग्राम पंचायत सचिव की तैनाती में बड़े पैमाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय द्वारा पक्षपात किया जाता है जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के दोहरे चरित्र के चलते ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है विकास की योजनाएं जमीनी हकीकत में नहीं उतर पाई है 50 प्रतिशत विकास योजना में नहीं खर्च हो रही है शासन के नियमों के अनुसार ग्राम पंचायत अधिकारी की तैनाती जिले के विकासखंड क्षेत्र में ग्राम पंचायतों में नहीं की गई है तमाम ऐसे ग्राम पंचायत अधिकारी हैं जिनका स्थानांतरण ही नहीं हो रहा है चुंबक की तरह ग्राम पंचायत अधिकारी एक स्थान पर चिपक गए हैं आखिर जिला पंचायत राज अधिकारी शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पंचायत सचिव के तैनाती में पक्षपात क्यों कर रहे हैं इसके पीछे उनकी मनसा जग जाहिर है। बताया जाता है कि कौशांबी जिले में तैनात कई पंचायत सचिव ऐसे हैं जिन्होंने 15 से 20 वर्षों की नौकरी में कई करोड़ों रुपए की अकूत संपत्ति अर्जित की है राजा महाराजा की तरह आलीशान बंगले बन गए हैं बंगले के बाहर लग्जरी करें खड़ी है कई जमीन प्लाट और फ्लैट उनके पास हो चुके हैं करोड़ों का बैंक बैलेंस परिजनों के नाम है काली कमाई में मशगूल पंचायत सचिव के स्थानांतरण में खेल करने के बाद अवैध वसूली के हिस्से की बड़ी रकम अधिकारी तक पहुंच रही है जिन पंचायत सचिव से डीपीआरओ कार्यालय में मोटी रकम पहुंच रही है उन पंचायत सचिव के स्थानांतरण करने में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय कानून नियम की धज्जियां उड़ाने में संकोच नहीं कर रहा है बताया जाता है कि करोड़ों रुपए की वसूली पूरे जिले के पंचायत सचिव से डीपीआरओ कार्यालय में प्रत्येक वर्ष हो रही है पंचायत सचिव से वसूली की यह जिम्मेदारी डीपीआरओ कार्यालय में लंबे समय से तैनात एक सफाई कर्मी को सौंप गई है यह सफाई कर्मी पंचायत सचिव से वसूली करके साहब के बंगले तक नोटों का बंडल पहुचाता है जिससे सफाई कर्मी की भी नियम विरुद्ध तैनाती करने में डीपीआरओ कार्यालय ने मनमानी की है कानून नियम के तहत सफाई कर्मी की तैनाती नहीं की गई है सफाई कर्मी से सफाई का कार्य नहीं लिया जाता है साहब के नाम पर वसूली में लगे सफाई कर्मी को नियम विरुद्ध तरीके से जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में 15 वर्षों पहले संवद्ध कर दिया गया है बीते 15 सालों से यह राजा महाराजा की तरह साहब के आगे पीछे लगा डीपीआरओ कार्यालय में वसूली का काम कर रहा है जबकि इसकी नियुक्ति ही सफाई करने के लिए हुई थी। इस मामले को गंभीरता से लेकर के दोषी जिला पंचायत राज अधिकारी पर कार्यवाही करते हुए शासन को पत्र नहीं लिखा है जिससे जिला पंचायत राज अधिकारी के मनमानी में कमी होती नहीं दिख रही है इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनके फोन ना उठाए जाने के कारण उनसे बात नहीं हो सकी है जिससे उनका पक्ष नहीं जाना जा सका है।

संपादक की कलम से

गलत तरीकों पर सवाल उठाना जरूरी

रोजगार सृजन पर मोदी सरकार की चुप्पी पर उठते सवालसवाल के जवाब में कुतर्क मंगलवार को राज्यसभा की 15 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम कर लिया। हालांकि यह वर्चस्व किस तरह भाजपा ने हासिल किया है, वह एक गंभीर सवाल बन चुका है। गौरतलब है कि 15 सीटों में से उत्तरप्रदेश की आठ, हिमाचल प्रदेश की एक और कर्नाटक की एक सीट भाजपा के खाते में गई, जबकि कर्नाटक की बाकी तीन सीटें कांग्रेस और उप्र की बाकी दो सीटें सपा के पास गई हैं।
उत्तरप्रदेश और हिमाचल प्रदेश दोनों जगह भाजपा ने क्रास वोटिंग करवाई, यानी अपने विधायकों के अलावा दूसरे दलों के विधायकों को किसी न किसी तरह मजबूर किया कि वे उसके उम्मीदवार को वोट दें। यह मजबूरी धन यानी रिश्वत से उपजी है, या किसी और किस्म के दबाव के कारण बनी है, इसका खुलासा कभी नहीं हो सकेगा। क्योंकि भाजपा भी अब इस बात को जानती है कि लोग उसकी जीत की तारीफ करेंगे, पत्रकार इस बात को मास्टर स्ट्रोक बताएंगे कि कैसे हारी हुई बाजी को भाजपा ने अपने पक्ष में कर लिया और इस बात पर कोई सवाल नहीं करेगा कि राजनीति में बढ़ चुके इस गलत चलन को स्वीकार क्यों किया जा रहा है।
हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, उसके पास स्पष्ट बहुमत है, फिर भी भाजपा नौ गैरभाजपाई विधायकों से अपने पक्ष में वोट डलवाने में कामयाब हो गई। यह निश्चित ही कांग्रेस की कमजोरी है कि वह अपने विधायकों को एकजुट नहीं रख पाई। सुखविंदर सिंह सुक्खू तो मुख्यमंत्री होने के नाते इस गलती के लिए जिम्मेदार हैं ही, कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी की भी इसमें गलती है। लेकिन कांग्रेस की खासियत शायद यही बन गई है कि वह अपनी गलतियों से कोई सबक नहीं लेती। दूध का जला छाछ भी फूं क-फूं क कर पीता है, ऐसे मुहावरों पर कांग्रेस का कोई यकीन ही नहीं है। उसे खतरों के खिलाड़ी बनने में शायद ज्यादा मजा आता है, फिर चाहे सत्ता की बाजी ही दांव पर क्यों न लग जाए।
मध्यप्रदेश, कर्नाटक, बिहार जैसे राज्यों में कांग्रेस ने भाजपा के आपरेशन लोटस के कारण सत्ता गंवा दी, झारखंड में भी ऐसा होने का खतरा था, जो टल गया। कांग्रेस चाहती तो अपने अनुभवों से सबक ले सकती थी कि अगर भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में महज 25 विधायकों के होने के बावजूद कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार के सामने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है, तो उसके इरादे नेक नहीं हो सकते। वह कोई न कोई कोशिश जरूर करेगी कि क्रास वोटिंग हो जाए। लेकिन कांग्रेस ने अनहोनी की अंदेशा होते हुए भी लापरवाही बरती। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कहते रह गए कि अगर कोई बिका नहीं होगा तो हमारे 40 में से 40 वोट आएंगे। जबकि किसी के बिकने का इंतजार किए बिना मुख्यमंत्री सुक्खू कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की तरह अपने एक-एक वोट पर नजर रखते तो आज इस हार और शर्मिंदगी से बच जाते।
राज्यसभा में कांग्रेस की एक पक्की सीट इतनी आसानी से भाजपा के हाथ में नहीं जाती। कांग्रेस आलाकमान और उसके तमाम वरिष्ठ नेता अब शायद भाजपा की चुनावी तैयारियों को गंभीरता से लेना शुरू करें। काश, उन्हें यह समझ आए कि इस दौर में भाजपा को केवल मुद्दों पर घेरकर और उसकी गलतियों की ओर ध्यान दिलाकर सत्ताच्युत नहीं किया जा सकता। भाजपा को सत्ता से तभी हटाया जा सकता है, जब उसकी रणनीतियों को विफल किया जाए।
भाजपा ने केवल हिमाचल प्रदेश ही नहीं, उत्तरप्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के विधायकों को तोड़ कर जीत हासिल की है। अब राज्यसभा में भाजपा के 97 और एनडीए के 117 सांसद हो गए हैं और 240 सीटों की राज्यसभा में 121 के बहुमत के आंकड़ा अब भाजपा से खास दूर नहीं रह गया है। अगर तीसरी बार भी भाजपा को केंद्र की सत्ता हासिल हो जाती है, तो फिर राज्यों को किसी भी तरह जीतने का उसका खेल चलता रहेगा और इसी तरह नगरीय निकायों से लेकर राज्यसभा तक में हर जगह केवल भाजपा का राज होगा। सियासत के मौजूदा चलन को देखकर यह कोरी कल्पना भी नहीं कही जा सकती। अभी चंद दिनों पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा ने धांधली कर जीत हासिल की थी। सुप्रीम कोर्ट के दखल के कारण और सारा वाकया सीसीटीवी में कैद हो जाने के कारण धोखे से मिली इस जीत को गलत करार दिया गया। लेकिन राज्यसभा चुनावों में फिर से धोखे का खेल ही खेला गया है, लेकिन विडंबना है कि इसे भाजपा के महान कारनामे की तरह पेश किया जा रहा है। कांग्रेस ने तो अपनी एक जीती हुई सीट इस चुनाव में गंवा दी है, लेकिन गौर से देखा जाए तो पूरा देश इसमें अपने लोकतंत्र और राजनीति में सैद्धांतिक मूल्यों को गंवा रहा है। कांग्रेस को उसकी कमजोरियों और लापरवाही के लिए दोष दिया जा सकता है। मगर क्या सवाल भाजपा से भी नहीं किए जाने चाहिए कि आखिर जीत के लिए गलत तरीकों को अपना कर वह कौन सी परिपाटी इस देश में कायम करना चाहती है। क्या झूठ, फरेब, छल, भ्रष्टाचार इन अवगुणों के सहारे भाजपा देश में शासन करना चाहती है।
अगर ऐसा है तो फिर वह इस बात की गारंटी कैसे देगी कि उसके शासन में भ्रष्टाचार के लिए शून्य सहनशक्ति रहेगी। क्या भाजपा का तथाकथित रामराज्य इन्हीं बुराइयों के साथ कायम होगा।
चंडीगढ़ से लेकर हिमाचल प्रदेश तक भाजपा ने जो सत्ता हथियाने का खेल रचा है, उसे अगर जनता की स्वीकृति मिल जाती है, तो फिर यह मान लेना चाहिए कि एक समाज के तौर पर हमारा नैतिक पतन हो चुका है। ऐसे समाज में अब अपराधी से नहीं, पीड़ित से सवाल–जवाब होने लगेंगे। और जरूरी नहीं कि पीड़ित हर बार कांग्रेस ही होगी, राजनीति के अलावा अन्य तबकों में भी यह रोग अपना असर दिखाएगा। इस रोग का इलाज करना है तो फिर गलत तरीकों पर सवाल उठाने शुरू करने होंगे।

कैसे–कैसे विज्ञापन

आँखों की रोशनी कम होने पर ऐनक लगाया जा सकता है, लेकिन बुद्धि मंद पड़ने पर ऐसे ऐनक शायद ही मिलते हों। यह बात मुझे तब समझ में आती है जब मैं टी.वी. पर विज्ञापन देखता हूँ। ये विज्ञापन भी यूपीएसएसी के सवाल हो चले हैं। विज्ञापन आन का होता है और मैं कान समझने लगता हूँ। विज्ञापन देखना और समझना भी एक कला है। यह सबके बस की बात नहीं है। विज्ञापनकर्ता सीधे–सीधे कोई चीज दिखाने–समझाने के लिए राजी ही नहीं है। जब देखो तब अनबुझ पहेली की तरह विज्ञापन चला देता है। विज्ञापन भी बड़े गजब–गजब के होते हैं। पहले कुछ सेकंड तक टूरिज्म का प्रचार प्रसार सा लगने वाला विज्ञापन आगे चंद सेकंडों में सूट–बूट पर आ जाता है। अंत में पता चलता है कि यह विज्ञापन न तो टूरिज्म का था और न ही सूट–बूट का, बल्कि यह तो किसी गुटखे का ताम–झाम था। विज्ञापन को समझने में सिर खुजलाते बैठ जाते हैं और उधर इस तरह के एक से बढ़कर एक विज्ञापन चलते रहते हैं। कोल्ड ड्रिंक के विज्ञापनों का कहना ही क्या। इन्हें पीने का मतलब मौत को दावत देना है। इसमें एक महाशय एक बोतल के लिए चिंपाजी की तरह बिल्डिंगें फांद रहे हैं। कहीं तार पर लटक रहे हैं। कहीं हाई जंप लगा रहे हैं। मात्र एक बोतल के लिए ओलंपिक्स के सारे गेम खेल डालता है। कभी–कभी तो लगता है कि ऐसे चिंपाजियों को ओलंपिक्स में मेडल की जगह कोल्ड ड्रिंक की एक बोतल दिखा दी जाए तो ऐसे ही 20–25 मेडल झटककर ले आएँ। बेफिजूल में इतना बड़ा कुनबा भेजने और पैसे की बबादी से बचा जा सकता है। वह तो भला हो कि ओलंपिक्स इंसानों के लिए होता है, ऐसे जानवर चले जाते तो ओलंपिक्स, ओलंपिक्स नहीं तमाशे का चिड़ियाघर बनकर रह जाता।
उधर एक और विज्ञापन है जो यह दावा करता है कि उसका कपड़ा पहनने से आप मिस्टर परफेक्ट बन जायेंगे। मुझे यह समझ में नहीं आता कि अब तक की हमारी शिक्षा व्यवस्थाएँ, योजनाएँ, हमारे संस्कार, आचार–विचार अरबों–खरबों का पैसा लुटाने पर भी एक अदद अच्छा इंसान बनाना तो दूर तमीज के गुर सिखाने में कामयाब नहीं हो पाएँ। दुर्भाग्य से मिस्टर परफेक्ट बनाने वाले कंपनी का मालिक खुद घर से दरबदर हो गया। वह दुनिया को परफेक्ट बनाने चला था और खुद इनपरफेक्ट बनकर रह गया। उसी तरह फुसफुसिया डियोड्रेटों का कहना ही क्या। पहले तो वे फुसफुसिया मिलते नहीं, जिसे छिड़कते ही मक्खियों की तरह कन्याएँ सारे काम–धंधे छोड़ एक मानुष की देह पर पिल पड़ती हैं। एक हम हैं हजारों ऐसे स्प्रे खुद पर छिड़कर देख लिए मजाल की कोई लड़की तो दूर कोई मक्खी आई हो। लगता है ये स्प्रे और साबुन वालों का छत्तीस का आंकड़ा है। एक नहाने पर जोर देता है तो दूसरा बिन नहाए दुनिया को अपनी ओर खींचने की बात करता है। जागो ग्राहक जागो वाले विज्ञापन बिन बुलाई शादी में अब्दुल्ला की तरह नाच–गाकर चले जाते हैं। इन सबके बीच हम आँख, मुँह, नाक, कान, पढ़ाई–लिखाई सब कुछ होते हुए सिर के बाल छिलाने पर तुले हुए हैं। कभी कभी तो लगता है कि इन विज्ञापनों को समझने के लिए किसी कॉलेज में प्रवेश लेकर फिर से पढ़ाई करनी होगी।

काठ की हांडियां भी चढ़ेंगी आग पर

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हो या भाजपा नए प्रत्याशियों के साथ ही अनेक ऐसे नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतारने के लिए विवश हो सकती है जो पिछले दिनों कोई न कोई चुनाव हार चुके है। काठ की इन हांडियों को दोबारा आग पर चढाने की मजबूरी भी है और जरूरी भी। हालाँकि इसमें जोखिम भी कम नहीं है। भाजपा की काठ की हांडियों में केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधियाऔर प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र का नाम भी शामिल है।
भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 29 में से 28 सीटें हासिल की थीं, और तब हासिल की थीं जब प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता थी और कमलनाथ मुख्यमंत्री थे। इस बार 2024 में भाजपा का लक्ष्य सभी 29 सीटें जीतने का है। इस बार भाजपा 2019 में भाजपा के ही एक सामान्य कार्यकर्ता केपी सिंह के हाथों गुना से चुनाव हारे ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनाव जिताना चाहती है। हालाँकि ऐसा करना आवश्यक नहीं है क्योंकि सिंधिया वर्तमान में राजयसभा सदस्य हैं और अगले दो साल और सदन में रह सकते हैं। लेकिन प्रदेश भाजपा कार्यसमिति ने खुद सिंधिया के आग्रह पर उन्हें गुना सीट से प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया है।
लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने अनेक मौजूदा सांसदों का पत्ता साफ करना चाहती है। सबसे ऊपर नाम भोपाल की संसद साध्वी प्रज्ञा का है। उनकी सीट से हाल ही में दतिया से विधानसभा चुनाव हारे प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा का नाम पैनल में शामिल किया गया है। पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी भोपाल से प्रत्याशी बनाये जाने के लिए राजी है, हालाँकि चौहान विदिशा सीट के पुराने अजेय संसद रह चुके हैं। चौहान के बारे में अंतिम फैसला मोदी और शाह को ही करना है। चौहान इस समय विधायक हैं लेकिन उन्हें मध्यप्रदेश की राजनीति से बेदखल किया जाना है इसलिए, उनका लोकसभा में भेजा जाना पार्टी की मजबूरी बन गयी है।
प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बीडी शर्मा भी अपनी वर्तमान सीट खजुराहो से चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं, क्योंकि ये सीट इंडिया गठबंधन ने समाजवादी पार्टी को दे दी है। यहां यदि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो शर्मा का जीतना आसान नहीं होगा। भोपाल से पुराने आजमाए हुए नेता आलोक शर्मा और सुमित पचौरी का नाम भी पैनल में जोड़ा गया है। इस लिहाज से भोपाल के पैनल में दो या तीन के बजाय पांच नाम है। जाहिर है कि भाजपा के पास प्रत्याशियों की कोई कमी नहीं है। अन्यथा किसी भी पैनल में दो या तीन नाम ही रखे जाते हैं।
भाजपा के लिए भोपाल के बाद सबसे महत्वपूर्ण सीट इंदौर है। यहां से वर्तमान सांसद शंकर लालवानी का मुखर विरोध देखते हुए हाल ही में विधानसभा का चुनाव जीतव मंत्री कैलाश विजयवर्गी और इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव का नाम भी दिल्ली भेजा गया है।
गौरतलब है कि कैलाश विजयवर्गीय प्रदेश की राजनीति में रहना नहीं चाहते। वे दिल्ली जाकर अपने बेटे के लिए प्रदेश की राजनीति में जगह वापस करना चाहते है। कैलाश विजयवर्गीय को उनके पूर्व विधायक बेटे आकाश की जगह विधानसभा का चुनाव लड़ाया गया था। महापौर के रूप में पुष्यमित्र भार्गव युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं इसलिए उनके नाम को भी आगे बढ़ाया गया है। वे लम्बी रेस के घोड़े साबित हो सकते है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की पुरानी सीट विदिशा से रमाकांत भार्गव के अलावा शिवराज सिंह का नाम भी सुझाया गया है। अर्थात शिवराज सिंह चौहान को भोपाल या विदिशा में से किसी एक से टिकिट मिलना तय है।
केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम उनकी पुरानी गुना सीट से भेजा गया है हालांकि वर्तमान संसद केपी सिंह का नाम भी दोहराया गया है। केपी को गुना से हटाने का कोई कारण नहीं है किन्तु सिंधिया की इच्छा का मान रखा गया तो केपी शहीद हो सकते है। अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता सिंधिया के पक्ष में शायद नहीं है। सिंधिया का नाम ग्वालियर सीट से भी जोड़ा गया है। ग्वालियर के मौजूदा सांसद विवेक शेजवलकर बहुत ज्यादा लोकप्रिय सांसद नहीं रहे इसलिए उनका बदला जाना तय समझा जा रहा है।
उनके स्थान पर सिंधिया के अलावा विधानसभा चुनाव हारे डॉ नरोत्तम मिश्रा और विधानसभा चुनाव लड़ने से वंचित किये गए जयभान सिंह पवैया का नाम भी पैनल में जोड़ा गया है। पवैया भी एक जमाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव रॉ सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ चुके है। वे ग्वालियर से सांसद भी रहे हैं।
ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की आरक्षित भिंड सीट से मौजूदा सांसद सुमन राय के स्थान पार यदि सिंधिया की चली तो पूर्व मंत्री इमरती देवी को भी टिकट मिल सकता है। वे सिंधिया की कटटर समर्थक हैं और हाल ही में विधानसभा का चुनाव दूसरी बार हारीं है। इस सीट से हाल ही में विधानससभा का चुनाव हारे पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य को भी टिकट देने की सिफारिश की गयी है।
पार्टी सूत्रों की मानें तो खंडवा से सुभाष कोठरी, ज्ञानेश्वर पाटिल, राजगढ़ से मोना सुस्तानी, बंटी बना, रोडमल नागर, अंशुल तिवारी, छिंदवाड़ा से नत्थन शाह कवरेती, डॉक्टर गगन कोल्हे, टीकमगढ़ः वीरेन्द्र कुमार, भारती आर्य, गोपाल राय, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी, गोपाल परमार, विजय अटवाल, राजेंद्र वर्मा और उज्जैन से अनिल फिरोजिया, चिंतामणि मालवीय को टिकिट देने की सिफारिश की गयी है। बालाघाट से डॉ. ढालसिंह बिसेन, गौरीशंकर बिसेन, वैभव पवार, मंदसौर से सुधीर गुप्ता, पवन पाटीदार, नानालाल अटोलिया और रतलाम-झाबुआः गुमान सिंह डामोर, दिलीप कुमार मकवाना, रीवा से जनार्दन मिश्रा, गौरव तिवारी, पुष्पराज सिंह, सतना से राकेश मिश्रा, शंकरलाल तिवारी का नाम सुझाया गया है। शेष सीटों के बारे में मंथन चल रहा है।
कांग्रेस के पास प्रत्याशियों की लम्बी फेहरिस्त नहीं है। कांग्रेस को प्रत्याशियों को तैयार करना पड़ रहा है, क्योंकि कांग्रेस के अनेक पुराने प्रत्याशी या तो विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं या मैदान छोड़ चुके है। उदाहरण के लिए मुरैना से पिछली बार चुनाव लडे रामनिवास रावत विधानसभा चुनाव जीत चुके है। इसलिए यहां नया प्रत्याशी तलाशना पड़ेगा। भिंड से एक बार फिर देवाशीष को ही दोबारा आजमाया जा सकता है। ग्वालियर से चुनाव लड़ने वाले अशोक सिंह को कांग्रेस हाल ही में राज्य सभा भेज चुकी है इसलिए उनके स्थान पर भी पार्टी को नया नाम तय करना होगा। गुना में कांग्रेस के पुराने प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में शामिल होने से नए प्रत्याशी की जरूरत होगी। कमोवेश यही स्थिति दूसरी सीटों पर भी है। प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस की अपनी तैयारी है किन्तु भाजपा से इस मामले में कांग्रेस अभी पीछे दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिए प्रत्याशी तय करना भाजपा के मुकाबले कठिन नहीं है। भाजपा में एक अनार, सौ बीमार वाली स्थिति है। कांग्रेस में अनार ज्यादा हैं और बीमार कम, क्योंकि अभी भी कांग्रेस विधानसभा चुनाव की पराजय से उबरी नहीं है। हालाँकि राहुल गांधी पार्टी में जान फूंकने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।

पर्यावरण संतुलन के लिये वन्यजीवों की रक्षा जरूरी

विश्व वन्य जीव दिवस- 3 मार्च, 2024
– ललित गर्ग –

अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करने में डूबे इंसान को अब यह अंदाजा ही नहीं रह गया है कि वह अपने साथ–साथ लाखों वन्य जीवों के लिए इस धरती पर रहना कितना दूभर कर दिया है। तथाकथित विकास एवं स्वार्थ के नाम पर धरती पर मौजूद संसाधनों का प्रबंधन और दोहन इस तरह से किया जा रहा है कि वन्य जीवों का अस्तित्व ही समाप्त हो रहा हैं। कितने ही पशु–पक्षियों की प्रजातियाँ विलुप्त हो चुकी हैं, तो कितनी विलुप्ती कगार पर हैं। दुनियाभर में तेजी से विलुप्त हो रहे वन्य पेड़-पौधों और जीव–जंतुओं के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी आदि अन्य खतरों पर नियंत्रण के उद्देश्य से विश्व वन्य जीव दिवस हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन लोगों को जंगली वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के फायदे बताकर जागरूक किया जाता है और वन्यजीव अपराध और वनों की कटाई के कारण वनस्पतियों और जीवों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए आान किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को, अपने 68वें अधिवेशन में वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वनस्पति के लुप्तप्राय प्रजाति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिकी, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। इस दिवस की शुरूआत थाईलैंड में हुई थी।
विश्व वन्यजीव दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। इसमें से एक है वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। वन्यजीव मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुन:प्राप्ति में सहयोग करते हैं। पर्यावरण में जीव–जंतु तथा पेड़–पौधों के योगदान को पहचानकर तथा धरती पर जीवन के लिए वन्यजीवों के अस्तित्व का महत्व समझते हुए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस अथवा वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे मनाया जाता है। वन्य जीवों के सामने तस्करी के अलावा अन्य अनेक खतरे हैं। अब इन वन्य जीवों में ह्यफॉरएवर केमिकल्सह्न पाये जाने से इनका जीवन लुप्त होने की कगार पर पहुच गया है। वैज्ञानिकों को ध्रुवीय भालू से लेकर बाघ, बंदर और डॉलफिन जैसी मछलियों की 330 वन्यजीव प्रजातियों में ह्यफॉरएवर केमिकल्सह्न के पाए जाने के सबूत मिले हैं। जो दशार्ते हैं कि इंसानों द्वारा बनाया यह केमिकल न केवल पर्यावरण बल्कि उसमें रहने वाले अनगिनत जीवों के शरीर में पहुंच चुका है और उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है। इनमें से कई प्रजातियां पहले ही खतरे में हैं।
यूरोप, अफ्रीका, एशिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में मछलियों और अन्य जलीय जीवों में यह फॉरएवर केमिकल मिले हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक चूंकि यह केमिकल्स आसानी से नष्ट नहीं होते ऐसे में यह लम्बे समय तक वातावरण में मौजूद रहते हैं। इतना ही नहीं यह वातावरण के माध्यम से लंबी दूरी तक भी जा सकते हैं। इसका मतलब है कि दुनिया के सुदूर क्षेत्रों में जो जहां जीव अभी भी औद्योगिक स्रोतों से दूर है जैसे अंटार्कटिका में पेंगुइन या आर्कटिक में ध्रूवीय भालू भी इन हानिकारक केमिकल्स के चपेट में आ सकते हैं। अन्य शोधों से पता चला है कि इन हानिकारक केमिकल्स के संपर्क में आने से वन्यजीवों को भी इसी तरह नुकसान हो सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह संभावित स्वास्थ्य समस्याएं लुप्तप्राय या संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए विशेष रूप से चिंता का विषय हैं, क्योंकि उन्हें अब अपने अस्तित्व के लिए अन्य खतरों के साथ–साथ इन हानिकारक रसायनों से भी जूझना पड़ रहा है।
फॉरएवर केमिकल्स की ही भांति वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी के कारण भी वन्य जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। पिछले कुछ सालों में तस्करों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क एवं गिरोहों के कारण वन्यजीवों की तस्करी बढ़ी है। लम्बे समय से यह जरूरत महसूस की जा रही है कि वन्यजीव और इनके अंगों के तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने का काम तेजी से होना चाहिए। लेकिन, यह काम आगे नहीं बढ़ पाया। वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी को रोकने के लिए भारत समेत पांच देशों की सामूहिक रणनीति से काम करने की पहल को सकारात्मक ही कहा जाएगा।
तस्करी के कारण जिन देशों में वन्यजीव खतरे में नजर आते हैं, वहां समन्वय की कमी भी एक कारण माना जाता है। इसकी वजह से यह गैरकानूनी काम बेरोकटोक होता रहा है।
आमतौर पर तस्करी के जरिए दूसरे देश से ऐसे वन्यजीव लाए जाते हैं, जो स्थानीय जंगल में नहीं मिलते। भारत ने हाल ही में बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया के विशेषज्ञों के साथ मिलकर दो दिन तक इस संकट पर गहन मंथन भी किया है। इन देशों ने वन्यजीवों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा तंत्र विकसित करने की योजना बनाई है। यह तंत्र इन देशों में वन्यजीवों की बरामदगी के प्रकरणों का विश्लेषण करेगा। साथ ही तस्करों के नेटवर्क की पहचान कर इसे इंटरपोल की मदद से तस्करों के वित्तीय प्रवाह के तंत्र को तोड़ने का काम भी करेगा। यह सर्वविदित बात है कि वन्यजीवों की तस्करी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसके ज्यादातर उन देशों में अपने संपर्क हैं, जिनके सहयोग से संरक्षित श्रेणी के वन्यजीवों की तस्करी एक देश से दूसरे देश में की जाती है। जहां इन वन्यजीवों की मांग होती है, उन देशों से ये तस्कर मोटी कमाई भी करते हैं। यह तथ्य भी सामने आया कि इन दिनों वन्यजीवों की तस्करी के लिए वायु मार्ग प्रमुख माध्यम बन गया है। इन जीवों को अफ्रीकी देशों से दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों में लाया जा रहा है। वहां से इन्हें चीन व भारत में भेजा जा रहा है।
भारत ने विदेशी वन्य जीवों की तस्करी रोकने के लिए अपने स्तर पर पहले ही व्यापक पहल की है। हवाई अड्डों पर सख्त जांच व निगरानी से विदेशी जीवों की तस्करी पर रोक लगाने के प्रयास रंग लाए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 2022 में 50 बार विदेशी वन्यजीवों को तस्करों से अपने कब्जे में लिया है। इनमें हुलॉक गिबन, विदेशी कछुए, बड़ी छिपकलियां, बीवर, मूर मकैक, बौने नेवले, पिग्मी मामोर्सेट बंदर, डस्की लीफी मंकी और बॉल पाइथन जैसे विदेशी जीव शामिल हैं। विश्व वन्य जीव दिवस जैसे आयोजनों पर यह अभियान और गति पकडे.ताकि विभिन्न एजेंसियों के सामूहिक तंत्र के जरिए लुप्त होते वन्यजीवों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लग सके। विश्व वन्यजीव दिवस को मनाने का मकसद बहुत ही साफ है कि दुनियाभर में जिस भी वजहों से वन्यजीव और वनस्पतियों लुप्त हो रही हैं उन्हें बचाने के तरीकों पर काम करना। पृथ्वी की जैव विविधता को बनाए रखने के लिए वनस्पतियां और जीव–जंतु बहुत जरूरी हैं।
पृथ्वी पर जीवन का विकास पर्यावरण के अनुकूल ऐसे माहौल में हुआ है, जिसमें जल, जंगल, जमीन और जीव–जंतु सभी आपस में एक–दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। प्रकृति ने धरती से लेकर वायुमंडल तक विस्तृत जैवविविधता को इतनी खूबसूरती से विकसित एवं संचालित किया है कि अगर उसमें से एक भी प्रजाति का वजूद खतरे में पड़ जाए तो सम्पूर्ण जीव–जगत का संतुलन बिगड़ जाता है। प्राकृतिक संतुलन के लिए सभी वन्य प्राणियों का सरंक्षण बेहद जरूरी है, अन्यथा किसी भी एक वन्य प्राणी के विलुप्त होने पर पूरी संरचना धीरे–धीरे बिखरने लगती है। चूंकि पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न जीव एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए अन्य प्राणियों की विलुप्ति से हम इंसानों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नए वैज्ञानिक अध्ययन चेताते हैं कि इंसान जानवर को महज जानवर न समझे, बल्कि अपना वजूद बनाए रखने का सहारा समझे। दो या तीन दशकों के भीतर इंसान अगर वन्य जीवों की संख्या में हो रहे गिरावट को नहीं रोक पाया, तो मानव अस्तित्व के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा।

प्रेषक:
(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली–92
फोन: 22727486, 9811051133

मफलर, टोंटी और साड़ी लपेटी फोटोकॉपी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

फेंकू जी फेंकते हैं और लपेटू जी लपेटते हैं । फेंकू जी लच्छेदार भाषण फेंकते रहते हैं और लपेटू जी उसी भाषणों से बिजली तैयार करते हैं। दोनों में चुनावी कैंपेनिंग के समय कुर्सी को लेकर काफी कन्फ्यूजन बना रहता है। फेंकू जी फोटोजेनिक और कुसीर्जेनिक दोनों हैं, इसलिए जल्दी ही वे लपेटू का हाथ अपनी काख में दबाकर दूध में से मक्खी के माफिक दूर कर देते हैं। वे एक साथ भी चल सकते हैं लेकिन अनुशासन से बंधे हुए हैं । दोनों देशभ्रमण पर निकले हुए हैं। तुम्हें पता भी है हमें कहाँ जाना है ? अचानक लपेटू जी ने फेंकू जी से पूछा ।
इसमें पता करने की क्या बात है। जो हमारे खिलाफ हैं उसे धर दबोचने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्हें जेल में डालना है या फिर सम्मानों के बिस्कुट रूपी टुकड़ों से भारी डिस्काउंट वाले सेल में खरीदना है!! फेंकू ने अपने फेंकाऊपन की मिसाल पेश की।
मेरा मतलब है फेंकू जी कि हम लोग देशभ्रमण पर जा रहे हैं तो हमें ठीक से पता होना चाहिए कि कहाँ-कहाँ का जाना है । इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं हमारा देशभ्रमण गलत न हो जाए।
देशभ्रमण की चिंता छोड़ो लपेटू जी। बस इतना याद रखो कि जिनका हिसाब करना हैं, उन्हें या तो जेल में रखना है या फिर खेल से बाहर रखना है । मात्र देशभ्रमण के लिए हम अपना समय बर्बाद नहीं कर सकते हैं। मैंने तो यूँहीं पूछ लिया था। जेल या खेल के लिए बंदे को तो चुनना ही होगा न! वरना किसका हिसाब करेंगे और कैसे? पालतू कुत्तों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है लपेटू जी। मैं न केवल कुत्तों को दुम हिलाने के लिए बल्कि काटने के लिए भी पाल रखा है। देखा नहीं अभी तक हमारे कुत्ते कितनी बार मफलर कुमार पर भौंक चुके हैं। जरूरत पड़ी तो अबकी काटने के लिए छोड़ देंगे। हमें तो केवल कुत्तों को छू कहने की जरूरत है। यहाँ छू कहा वहाँ धर दबोचेंगे। अभी तक न जाने कितने जेल के भीतर हैं और न जाने कितने लाइन में खड़े हैं। इसलिए लपेटते रहो, लपेटते रहो। फेंकू जी ने दाढ़ी पर हाथ फेरते हुए कहा। फिर भी मैं सोचता हूँ कि एक बार सबसे पहले किसके पास जाना है, उसके बारे में विचार कर लेने में कोई हर्ज नहीं है। लपेटू जी को समाधान चाहिए था । लपेटू तुम लपेटते कम हो सोते ज्यादा हो ! ... अब तो बदलो!! सर पर चुनाव है, अब भी तुम नींद में हो... इसका मतलब यह है कि तुम्हारा ध्यान चुनाव पर नहीं है। नींद से जागो तुरंत ... वरना पूरब में साड़ी लपेटे मेरी फोटोकॉपी, मफलर लपेटे मफलर बाबू, टोंटी उखाड़ू खिलखिल बाबू कहीं उन्नीस-बीस न कर दे... और हाँ एक बात साफ समझ लो, हम ईवीएम से नहीं अपने कुत्तों के बलबूते जीतते हैं। हमें उनका इस्तेमाल अच्छी तरह से करना होगा। अब भौंकने की नहीं काटने की बारी है। कुछ समझा नहीं ! काटने की क्या जरूरत है? औरों की तरह इनके मुँह पर भी एक-दो सम्मान फेंक देते हैं फेंकू जी !!? क्योंकि सम्मान लल्लु पंजु को दिया जाता है, टेढ़ों का तो गला पकड़ना पड़ता है। ये टेढ़े पढ़े-लिखो को भड़काकर हमारा बना बनाया खेल बिगाड़ सकते हैं। ये लोग मंदिर पर बेरोजगारी, भैंसभिडंतु ठोकदे भारत पर महिला अत्याचारों को कहीं हावी न हो जाने दें। जो खेत में नहीं हैं उन्हें बॉर्डर से भगाना है। वरना वे कहीं हमें खेत में हल जोतने के लिए बाँध न दें। ऐसे लोगों का जल्दी से हिसाब कर देना चाहिए। लेकिन जब हम विकास कर ही नहीं रहे हैं तो वोट कैसे पायेंगे?!! नाम बदलकर। हमें केवल नाम बदलकर अपने-अपने होर्डिंग लगाने होंगे। याद रखो, काम करने से वोट नहीं मिलते, वोट तो ढोंग करने से मिलते हैं। मेरे फेंकूपन पर विश्वास रखो और तुम बस लपेटते रहो। मैं लपेट तो रहा हूँ फेंकू जी। लेकिन इस लपेटे का करना क्या है? यह चुनाव है, दिमाग लड़ाने का खेल नहीं। यहाँ दो और दो चार नहीं दो और दो बाईस तो कभी दो और दो शून्य भी होता है!! ... वोट रेबड़ियों के झाँसे से मिलते हैं, जीतने के बाद वैसे भी भूलना ही तो होता है।फेंकू जी आपको विश्वास है मफलर, टोंटी और साड़ी लपेटी आपकी फोटोकॉपी सीधे हो जायेंगे? सीधे नहीं होंगे लपेटू जी ... सीधा करना होगा। तुम बस कुत्तों पर ध्यान दो। क्या वे सही समय पर सही जगह पर काट रहें हैं कि नहीं।

निपुण विद्यालयों में जमीनी स्तर पर कार्य की जरूरतः एसडीएम

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा- निर्देश अनुसार बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता लेने को प्राइमरी शिक्षा में प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने को 5 से 6 वर्ष के बच्चे व विद्यालय में नामांकित कक्षा 1 से 3 तक के बच्चे हैं। निपुण लक्ष्य व मूलभूत साक्षरता से हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में सभी विकासखंडों में दो वर्षों से हो रहा है।

गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय छिवलहा में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पांडे ने बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम राकेश पाठक, अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ अमित द्विवेदी, मऊ उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष शारदा अग्रहरि ने दीप

बच्चों को पुरस्कृत करते एबीएसए।

जलाकर शुभारंभ किया। एसडीएम राकेश पाठक ने निपुण सभी विद्यालयों को बधाई देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर श्रम करने की जरूरत है। खंड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्णदत्त पांडे ने शामिल जन समुदाय/अभिभावकों से कहा कि बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालय भेजें। समय-समय पर होने वाली विद्यालय की बैठकों में हिस्सा लें। नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता पर शिक्षकों की समस्या समधान को मदद को तैयार हैं। सभी निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापको व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि जिले के प्राइमरी शिक्षा के एसआरजी गीत श्रीवास्तव ने साक्षरता के तहत दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ आलोक गर्ग ने संचालन किया। प्रत्येक संकुल से पांच-पांच नोडल शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया। निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर संकल्प पांडे, शरदेंदु शुक्ला, राजीव गुप्ता, सिद्ध गोपाल वर्मा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा, गुलाब तिवारी, दानिश मियां रिजवी, रवि त्रिपाठी, पवन जायसवाल आदि शिक्षक सम्मानित हुए। एआरपी महेश प्रसाद को एसडीएम ने सम्मानित किया।

डिफेंस कारिडोर को भूमि लेने में किसानों की लें सहमतिः डीएम

अखंड भारत संदेश

बैठक में निर्देश देते डीएम।

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने डिफेंस कॉरिडोर व औद्योगिक कॉरिडोर की भूमि लेने बाबत बैठक में एसडीएम राजापुर व कर्वी को निर्देश दिये कि किसान का रकबा, रोड, बड़े किसान की सूचना भेजें। भूमि अधिग्रहण में जुटकर कार्य करें।

गुरुवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभियान आनन्द ने कहा कि जो किसान सहमत हैं, उनसे लिखित लें। जो किसान सहमत नहीं है, उनसे बात करें कि सर्किल रेट पर भूमि ली जायेगी। एसडीएम राजापुर को निर्देश दिये कि कर्मचारियों को लगाकर कार्य करें। सबकी सहमति लिखित होनी चाहिए, मौखिक नहीं। जो रास्ते में इमारत आ रही है, उसका मूल्यांकन करायें। मार्ग के पास रहने वाले किसानों से भी सहमति लें। बंदोबस्त अधिकारी को निर्देश दिये कि लेखपालों को लगाकर कार्य में प्रगति लायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि दो-तीन दिन के अंदर आख्या दें, ताकि मंडलायुक्त को भेजी जा सके। बैठक में एडीएम एफआर श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव, एसडीएम सौरभ यादव, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, सहायक आयुक्त स्टांप रामसुंदर यादव, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान समेत तहसीलदार व लेखपाल मौजूद रहे।

अदील हमजा-अखिलेश गुप्ता स्वागत से अभिभूत

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। नगर पंचायत मऊ में सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव अखिलेश गुप्ता उर्फ गुड्डू व इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष युवा सपा नेता अदील हमजा का लोगों ने भव्य स्वागत किया।

गुरुवार को सपा नेताओं ने कहा कि वे एक कार्यक्रम के सिलसिले में गुजर रहे थे। लोगों के सम्मान से वे अभिभूत हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि सभी लोग समाजवादी विचारधारा को मजबूत करें। स्वागत समारोह आयोजक लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता अजय राज त्रिपाठी ने कहा कि अखिलेश गुप्ता उर्फ गुड्डू के लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद नगर पंचायत मऊ में पहला आगमन

सपा नेताओं का मऊ में हुआ स्वागत।

था। सभी युवाओं के अगुवा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष अदील हमजा व अखिलेश गुप्ता उर्फ गुड्डू युवाओं के हर संघर्ष पर डटकर मुकाबला करने को सदैव प्रेरित करते रहते हैं। नगर पंचायत मऊ के ब्रांड एम्बेसडर शारदा अग्रहरी, समाजसेवी विष्णुदेव त्रिपाठी, युवा कांग्रेस मऊ-मानिकपुर विधानसभा प्रभारी अजय द्विवेदी, शिक्षक नेता आनंद राज त्रिपाठी, विवेक यादव टाइगर, रोहित यादव पूर्व महामंत्री प्रत्याशी, अजीत विधायक पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी, मुलायम यादव पूर्व अध्यक्ष, आशुतोष यादव, गुड्डू, आजम, ज्ञानेद्र, पार्थ यादव व पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

एयरपोर्ट नजदीकी बांकेसिद्ध बेहाल, पर्यटन विभाग मालामाल

अखंड भारत संदेश

बुंदेली सेना ने सांसद व कैबिनेट मंत्री को भेजा पत्र

चित्रकूट। देवांगना एयरपोर्ट के नजदीकी पर्यटन स्थल बांकेसिद्ध की पर्यटन विभाग उपेक्षा कर रहा है। सांसद ने बांकेसिद्ध के विकास को पत्र भेजा है। पर्यटन विभाग ठोस कदम नहीं उठा रहा। विभाग की उपेक्षात्मक नीति पर बुंदेली सेना व सिद्धपुर गांव के ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है।

गुरुवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन विकास को लेकर संजीदा है। पर्यटन विभाग शासन की योजनाओं में पलीता लगा रहा है। सांसद आरके सिंह पटेल ने देवांगना एयरपोर्ट के नजदीकी धार्मिक/पर्यटन स्थल बांकेसिद्ध के विकास को पत्र लिखा था। पर्यटन विभाग ने वन विभाग को पत्र देने की बात कहकर इतिश्री कर ली। सांसद पटेल ने कार्य योजना बनाकर शासन को भेजी तो पर्यटन मंत्री से वार्ता कर स्थल का विकास करायेंगे। आज तक विभाग ने कोई कार्य योजना नहीं बनाई। न ही पर्यटन अधिकारी ने बांकेसिद्ध का मुआयना किया। बांकेसिद्ध में पर्यटकों को आकर्षित करने की असीम क्षमता है। पंचकोसी व चैदह कोसी परिक्रमा का ये मार्ग सालभर में कई लाख तीर्थयात्री पहुंचते हैं। पर्यटन विभाग की भांति लोनिवि भी बांकेसिद्ध की उपेक्षा कर रहा है। सिद्धपुर गांव से बांकेसिद्ध के पहले तक डामरीकरण सड़क है। तीन सौ मीटर सड़क अधूरी है। विभाग में तमाम पत्राचार के बाद कभी बजट न होने का रोना रोते हैं, कभी अन्य समस्यायें बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। बुंदेली सेना ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से कहा कि बांकेसिद्ध पर्यटन विकास को अधूरी सड़क बनवाई जाये।

पुलिस ने दबोचा जिला बदर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय की टीम ने जिला बदर अपराधी राजाबाबू द्विवेदी पुत्र विजय कुमार द्विवेदी औदहा को गिरफ्तार किया है। जिलाधिकारी के जिला बदर आदेश के उल्लंघन पर राजाबाबू द्विवेदी पर 10 यूपी गुण्ड़ा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही धीर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

दरोगा-दीवान को एसपी ने दी भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस विभाग में सेवा पूरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारी का विदाई समारोह हुआ।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हुए दरोगा मुन्नीलाल व दीवान प्रभुदयाल को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त हुए अधिकारी-कर्मचारी को नास्ता करवाकर मुंह मीठा किया। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत हुए अधिकारी-कर्मचारी से कहा कि घर जाकर स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निरन्तर व्यायाम करते रहें। जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग को दिया है। समस्त पुलिस विभाग की ओर से सुखद जीवन व परिवार की तरक्की की कामना करते हैं। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस एमपी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

महाविद्यालय में 108 छात्र-छात्राओं को पंकज ने बांटे फोन

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ में मुख्यमंत्री स्मार्टफोन वितरण में जिला सहकारी बैंक बांदा के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी, नगर पंचायत के वार्ड मेम्बर राजीव शुक्ला, दिनेश सिंह, मंजीत नागपाल, अरविन्द कुमार जाटव, वीरेंद्र साहू, मो छोटू खां, प्रतिनिधि आशमा खां आदि की मौजूदगी में बीए के 108 छात्र-छात्राओं

शुभारम्भ करते चेयरमैन पंकज अग्रवाल।

को स्मार्टफोन बांटे।

गुरुवार को महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी अध्यक्षा डॉ उमा जायसवाल, प्रबंधक सुंदरलाल सुमन, प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुर्वेदी, प्रो एस कुरील, आचार्य शिवप्रताप मिश्र, हिंदी प्राध्यापक पूरन सिंह, अर्थशास्त्र प्राध्यापक राज नारायण सिंह, अंग्रेजी प्राध्यापक श्वाती गुप्ता, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अंगद निषाद, प्रधान कालूराम पुरवा प्रमोद कुमार द्विवेदी, शिक्षणेत्तर कर्मचारी बालकृष्ण विश्वकर्मा, मयंक यादव, अजय कुमार द्विवेदी, शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, गिरधारी लाल व दुर्गा प्रसाद तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में संचालन डॉ एस कुरील ने किया।

सेमरदहा में आडिट टीम की रिपोर्ट ठंडे बस्ते में डाली

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मनरेगा में प्रधान-सचिव, तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक समेत जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से धांधली होती है। विकास कार्यों के जिम्मेदार शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। गुरुवार को मानिकपुर ब्लाक के सेमरदहा गांव में गांव सभा की बैठक में प्रधान शिवकुमारी, जेई श्रीप्रकाश, रोजगार सेवक राममिलन शुक्ला व बीआरपी लवदीप सिंह समेत ग्रामीणों की मौजूदगी में मनरेगा से कराये कार्यों की चर्चा हुई। सेमरदहा में अनिल कुमार पुत्र केदारनाथ मिश्र के काऊ शेड निर्माण, राजकरन पुत्र शिवकुमार ब्राह्मण बिलोखर खांच पुरवा के खेत में मेडबंदी, समतलीकरण, राममिलन पुत्र शिवकुमार ब्राह्मण के खेत में मेडबंदी समतलीकरण, प्राथमिक विद्यालय खांच पुरवा में मेन रोड से विद्यालय की ओर इंटरलॉकिंग, प्राथमिक विद्यालय टिकारी खांच पुरवा में एमडीएम किचेन शेड निर्माण, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरदहा में बाउंड्रीवॉल-गेट निर्माण, मिथलेश कुमार पुत्र राधेरमण पटेल कुकुरहाई के खेत में मेडबंदी, समतलीकरण, प्राथमिक विद्यालय पिपरौनी में बाउंड्रीवॉल व गेट निर्माण कार्यों में बडे पैमाने पर धांधली कर शासकीय धन का बंदरबांट हुआ है। सोशल ऑडिट टीम ने सेमरदहा में मनरेगा से कार्यों की जांच रिपोर्ट उपायुक्त श्रम रोजगार को दिसंबर 2023 में भेजी थी। अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

महिला सफाई कर्मी की क्यों नहीं लिख रही पुलिस रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कोतवाली कर्वी के खोही परिक्रमा मार्ग में भगनपुर में प्रधान पति के महिला सफाईकर्मी व पति के मारपीट मामले में रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पीड़ित महिला न्याय पाने को चक्कर लगा रही है।

गुरुवार को पीड़ित महिला ने कोतवाली कर्वी में 26 फरवरी को तहरीर दी थी। पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की थी। पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष ने एसपी को लिखे पत्र में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पीड़िता के आरोप हैं कि प्रधान पति उस पर बुरी नजर रखता था। इसी के चलते घटना हुई। संघ जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट न दर्ज करेगी तो सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। दबंग प्रधान पति व सहयोगियों ने मामले को दबा रहे हैं। पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट क्यों नहीं लिख रही है।

घर से भटकी बच्ची को पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर ने घर से भटकी पांच वर्षीय बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया। ज्ञात है कि 28 फरवरी को चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर क्षेत्र भ्रमण पर थे। उन्हें पांच वर्षीय बच्ची मिली। चैकी प्रभारी की टीम ने प्रयास कर बच्ची के माता-पिता बाबत जानकारी ली तो पता चला कि कोतवाली कर्वी के बूढ़ा सेमरवार के लवलेश प्रजापति की पुत्री कु प्रियंका (5) खेलते-खेलते भटक गयी। चैकी प्रभारी गनीवा ने बच्ची के पिता से बातकर गनीवा चैकी बुलाकर बच्ची को माता-पिता के सुपुर्द किया। बच्ची को पाकर माता-पिता के चेहरे खिल उठे। परिजनों ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर, सिपाही शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार शामिल रहे।

सफाई का विशेष अभियान चलाते अध्यक्ष।

नगर को साफ-सुथरा बनाने में नगरवासियों का सहयोग जरूरीः नरेंद्र गुप्ता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर विकास विभाग के प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत नगर पालिका कर्वी में वार्ड तीन एसडीएम कॉलोनी से विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने करायी। नालियों व गलियों की सफाई कराकर स्वच्छता का संदेश दिया। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने प्रदेश सरकार के धार्मिक नगरी को अयोध्या तर्ज पर विकसित करने को संकल्पित है। अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी व सीएम योगी भारत को व प्रदेश को समृद्ध बनाने की दिशा में जनकल्याणकारी योजनायें चलाकर विश्व में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। स्वच्छता अभियान सभी 25 वार्डों में चलता रहेगा। साफ-सफाई तभी रहेगी, जब लोग जागरुक हों। ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ चित्रकूट सुंदर चित्रकूट बनाने को नगर पालिका काम कर रही है। राजापुर, मानिकपुर, कर्वी व मऊ निकायों में स्वच्छता अभियान चल रहा है। मिशन को सफल बनाने को हर नागरिक का कर्तव्य है। सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि पालिका में स्वच्छता अभियान को गति देने को सभी संसाधन मौजूद हैं। शासन के निर्देश पर अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अगुवाई में एसडीएम कॉलोनी में विशेष साफ-सफाई अभियान चला। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

किसानों के सपनों को भाजपा कर रही पूराः कामेश्वर सिंह

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि किसानों के सपनों को भाजपा डबल इंजन सरकार पूरा कर रही हैं। किसान मोर्चा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर भाजपा जीत का दायरा बढा रहे हैं। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से हर बूथ में भाजपा का जनाधार बढा है।

गुरुवार को लोनिवि विश्राम गृह में पत्रकारों से भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि जनसंवाद कर सक्रिय प्रयास कर रहे हैं। हर किसान को प्रधानमंत्री की राम-राम कह रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानो के कल्याण को संकल्पित है। गन्ना किसानों से गन्ना खरीद का 99 फीसदी भुगतान सरकार ने तय किया है। नीम कोटेड यूरिया, किसान सम्मान निधि, मोटे अनाजो पर एमएसपी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ऐतिहासिक स्तर पर सरकारी क्रय केन्द्रो पर गेहूं, धान, दलहन की खरीद भाजपा सरकार किसानो के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है।

पत्रकारों से बात करते किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आदि।

प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री ब्रजनन्दन सिंह, जिला प्रभारी किसान मोर्चा/जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, राजीव त्रिपाठी, रामसागर चतुर्वेदी, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा आभेष मिश्रा, अनूप त्रिपाठी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, सुधीर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

225 जोडे दाम्पत्य सूत्र में बंधे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाज कल्याण विभाग ने सीएम सामूहिक विवाह योजना के तहत रामायण मेला सीतापुर में सामूहिक विवाह में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सीडीओ अमृतपाल कौर, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विवाह शुरु कराया। गुरुवार को अतिथियों ने 225 नव विवाहित जोड़ो में 20 जोड़े बौद्ध धर्म को दांपत्य जीवन में प्रवेश की बधाई दी। वैवाहिक सामग्री बांटी। सभी के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। पौधे भेंटकर आभार जताया। वैवाहिक कार्यक्रम को गायत्री शक्तिपीठ के संचालक आचार्य रामनारायण त्रिपाठी, सह आचार्यों ने सम्पन्न कराया। इस मौके पर जिला उपायुक्त मनरेगा, जिला अर्थ संख्या अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी समेत सभी ब्लॉक के बीडीओ व ईओ आदि मौजूद रहे।

वैवाहिक जोडों को आशीर्वाद देते जिला पंचायत अध्यक्ष आदि।

दुष्कर्म वांछित दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में निरीक्षक अपराध कोतवाली कर्वी राकेश कुमार सिंह ने दुष्कर्म के वांछित आदित्य पुत्र रामबहादुर रैदास निवासी ठर्री को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह, सिपाही सुरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

मुकदमा वापस न लेने पर होगा आन्दोलनः कुशल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में राज्यपाल संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन में मांग किया कि 24 फरवरी को झांसी में संत रविदास जयंती पर अहिरवार समाज के जुलूस समापन पर दर्ज रिपोर्ट रद्द की जाये। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि डेढ़ सौ साल पहले संत बगिया बड़ागांव गेट मेरी चैराहा मंदिर पर श्रद्धालुओं ने संत रविदास व बाबा साहब की प्रतिमायें लगानी थी। प्रशासन ने जगह को विवादित कहकर प्रतिमा लगाने से रोक दिया था। श्रद्धालुओं व प्रशासन के बीच कई घंटे वार्ता बाद दोनों पक्षों को समझाकर मामले को शांत किया गया। तीन दिन बाद सत्ता के दबाव में कांग्रेस के पूर्व मंत्री प्रदीप कुमार जैन आदित्य, सपा नेता डॉ रघुवीर चैधरी, अहिरवार समाज के उमाशंकर अहिरवार एड समेत सात नामजद व 70 अज्ञात लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ। कांग्रेस ने घटना की निंदा कर विरोध जताया।

मांग किया कि दर्ज मामले वापस हों। निष्पक्ष जांच न कराने पर कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होगी। पीसीसी सदस्य रंजनाबराती लाल पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार पूरे देश में विपक्ष को समाप्त करने को संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। विपक्ष के नेताओं पर फर्जी मामले दर्ज हो रहे हैं। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन का सभी को अधिकार है। इस मौके पर अवधेश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, चुनवाद प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, यमुना शुक्ला, रामावतार विकल, नीरू गुप्ता, गुरुदीन प्रसाद दुबे, सचिन कुमार, धीर सिंह, अजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

मिशिगन प्राइमरी में निक्की हेली को हराकर ट्रंप ने जीत दर्ज की, बाइडन ने डेमोक्रेटिक प्राइमरी जीता

वाशिंगटन। राष्ट्रपति चुनाव की दावेदारी की दौड़ में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी, भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली को मिशिगन प्राइमरी में आसानी से हराने के साथ ही वह नवंबर में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी औपचारिक रूप से हासिल करने की दिशा में एक कदम और करीब आ गए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मिशिगन डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की है।

मिशिगन में हेली को 26.5 फीसदी वोट मिले थे, जबकि ट्रंप को 68.2 फीसदी वोट मिले। अमेरिकी मीडिया ने अनुमान लगाया कि 77 वर्षीय ट्रंप 52 वर्षीय हेली के खिलाफ 40 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ मिशिगन प्राइमरी में जीत हासिल करेंगे। ट्रंप की इस जीत ने अगले सप्ताह की ह्यसुपरह्ल प्रतिस्पर्धा से पहले गति बनाने की हेली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। ट्रंप ने इससे पहले आयोवा कॉकस, न्यू हैम्पशायर प्राइमरी, नेवादा और यूएस वर्जिन आइलैंड्स में कॉकस और साउथ कैरोलिना प्राइमरी में जीत हासिल की है। नामांकन औपचारिक रूप से हासिल करने के लिए उन्हें 1,215 ह्यडेलीगेटह्ल के समर्थन की आवश्यकता है। ट्रंप ने 119 ह्यडेलीगेटह्ल का समर्थन हासिल कर लिया है, जबकि दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली को सिर्फ 22 ह्यडेलीगेटह्ल का समर्थन मिला है।इस बीच, 81 वर्षीय बाइडन ने प्रांत में एक और जीत हासिल की, जो चार प्रयासों में उनकी चौथी प्राथमिक जीत है। उन्होंने चार जीतों में से 177 ह्यडेलीगेटह्ल का समर्थन जीत लिया है। बाइडन को डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन प्राप्त करने के लिए 1,968 ह्यडेलीगेटह्ल का समर्थन हासिल करना होगा।

चीन का सैन्य प्रतिनिधिमंडल 9 मार्च को पहुंचेगा नेपाल

काठमांडू। नेपाल में संयुक्त राष्ट्र के समन्वय में चल रहे 19 देशों के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच चीन ने एक सैन्य प्रतिनिधिमंडल काठमांडू भेजने की घोषणा की है। नेपाल में 20 फरवरी से शुरू हुआ सैन्य अभ्यास 04 मार्च तक चलेगा। चीन के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के मेजर जनरल झांग बाओचुन के नेतृत्व में पांच सदस्यीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल चार दिवसीय दौरे पर 09 मार्च को काठमांडू पहुंचेगा। मेजर जनरल झांग बाओचुन वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग कार्यालय के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। चीन की तरफ से यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब नेपाल में बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास चल रहा है। चीनी सैन्य दल नेपाल में सेना के प्रधान सेनापति जनरल प्रभुराम शर्मा, प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री से मुलाकात करेगा। झांग के साथ आने वाले वरिष्ठ अधिकारियों में कर्नल पेई लिंग सोंग लिक्सिंग, कर्नल ली यिंगफेंग, कैप्टन वांग गुओचांग और शी जियानगयांग हैं। चीनी सैन्य दल नेपाली सुरक्षा एजेंसियों के क्षमता निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा करेगा। नेपाल में इस समय सैन्य अभ्यास 'शांति प्रयास' का चौथा संस्करण चल रहा है, जिसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत काम करनेवाले पीस कीपिंग फोर्स के द्वारा शांति अभियानों में भाग लेने वाले बलों की पेशेवर दक्षता और आपसी समन्वय क्षमता को बढ़ाना है। अमेरिकी सरकार के ग्लोबल पीस ऑपरेशंस इनिशिएटिव के सहयोग से यह अभ्यास 20 फरवरी से शुरू हुआ, जिसमें नेपाल सहित 19 देशों के सैनिक शामिल हैं। यह अभ्यास 4 मार्च तक चलेगा। इस सैन्य अभ्यास में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फिजी, घाना, मलेशिया, इंडोनेशिया, मंगोलिया, थाईलैंड, उरुग्वे, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, वियतनाम, कनाडा, फिलीपींस, नाइजीरिया भाग ले रहे हैं।

नेपाल में सत्तारूढ़ माओवादी पार्टी के दो नेताओं ने प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका

नेपाल। नेपाल में सत्तारूढ़ दल माओवादी पार्टी के दो बड़े नेता जनार्दन शर्मा और खगराज भट्ट ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल प्रचंड पर परिवारवार का आरोप लगाते हुए विद्रोह की बिगुल फूंक दिया है। माओवादी पार्टी की कमान प्रचंड के पास है। वह इसके अध्यक्ष हैं।

उप महासचिव शर्मा और भट्ट ने पार्टी की स्थाई समिति की बैठक के बाद प्रचंड के खिलाफ मोर्चा खोला है।शर्मा को प्रचंड का विश्वासपात्र माना जाता है। उल्लेखनीय है कि माओवादी पार्टी की स्थाई समिति में कई नेताओं की जिम्मेदारी में परिवर्तन किया गया है। इनमें दो प्रमुख नेता वर्षमान पुन और जनार्दन शर्मा को कोई भी जिम्मेदारी नहीं दी गई है। प्रचंड ने अपने छोटे भाई नारायण दहाल और पुत्रवधु बिना मगर को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। नारायण को बागमती प्रदेश का सह इंचार्ज और बिना मगर को सुदूर पश्चिम प्रदेश का सह इंचार्ज बनाया गया है। शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष प्रचंड को पत्र लिखा है। इसमें प्रचंड पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि इस फैसले को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा है प्रचंड ने अधिकांश सदस्यों की प्रत्यक्ष निर्वाचन की मांग की अनदेखी कर मनमानी की है। दूसरे बड़े नेता खगराज भट्ट ने लिखे पत्र में पार्टी छोड़ने तक की धमकी दी है।

चुनावों में वोटिंग बढ़ाने में सहयोग करेंगे 48 हजार संगठनों से जुड़े 9 करोड़ कारोबारी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में पूर्ण जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) भी चुनाव आयोग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। कैट से जुड़े करीब 48 हजार से व्यापारिक संगठन, जिनके साथ नौ करोड़ से ज्यादा छोटे-बड़े कारोबारी काम कर रहे हैं। वे लोकसभा के चुनाव में अपने सक्रिय सहयोग के द्वारा वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को एक पत्र भेजकर राजधानी दिल्ली सहित देशभर के व्यापारी संगठनों के सक्रिय सहयोग से लोकसभा चुनावों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग देने की पेशकश की है।

काठमांडू के मेयर पर महिला कर्मचारी ने लगाया मानसिक प्रताड़ना का आरोप

नेपाल। अपने बयानों और फैसलों से विवादों में घिरे रहने वाले काठमांडू के मेयर पर एक महिला कर्मचारी ने मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। काठमांडू महानगरपालिका की इस महिला कर्मचारी ने सोशल मीडिया के जरिए ये आरोप लगाया है। मेयर बालेन शाह पर महिला कर्मचारी सश्मिता घिमिरे ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घिमिरे ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि पिछले कुछ दिनों से वो बिना किसी जिम्मेवारी के दफ्तर में दिनभर बैठी रहती हैं। बिना किसी कारण के मेयर बालेन शाह के आदेश पर उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है। महानगरपालिका में वरिष्ठ विधि अधिकारी के पद पर कार्यरत घिमिरे ने लिखा है कि एक राष्ट्रसेवक का यह अधिकार है कि वो जनता की सेवा के लिए अपने दायित्वों का निर्वाह करे लेकिन मेयर के कारण मुझे दिनभर या तो दफ्तर में बिना किसी काम के बैठना पडता है या फिर कहीं ऐसे जगह भेज कर दिन भर बाहर में खडा रहने के लिए कह दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से वो मानसिक तनाव से गुजर रही हैं।घिमिरे ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में काठमांडू की डिप्टी मेयर सुनीता डंगोल से भी इसकी शिकायत करते हुए मदद की गुहार लगाई थी लेकिन वहां से भी कोई सहयोग नहीं मिला। उन्होंने अपने तबादले के लिए प्रमुख प्रशासकीय अधिकारी के पास अर्जी दी थी लेकिन अभी तक उस पर कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। घिमिरे ने जल्द ही इसका हल निकाले जाने की अपील करते हुए कहा है कि ऐसा नहीं हुआ तो वह कोर्ट का रुख करेंगी।

बांग्लादेश ने पद्मा-मेघना नदी अभयारण्य में दो महीने के लिए मछली पकड़ने पर रोक लगाई

ढाका। बांग्लादेश ने पद्मा-मेघना नदी अभयारण्य में मछली पकड़ने पर दो महीने के लिए रोक लगा दी। यह प्रतिबंध शुक्रवार से प्रभावी होगा। यह अभयारण्य 70 किलोमीटर तक फैला है। सरकार के इस कदम से चांदपुर में 43,000 पंजीकृत मछुआरे प्रभावित होंगे। पद्मा-मेघना अभयारण्य में यह प्रतिबंध इलिश (हिलसा) सहित सभी प्रकार की मछली पकड़ने पर लागू होगा। मेघना नदी में पद्मा नदी चांदपुर जिला में मिलती है। इसके बाद मेघना भोला जिला में बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। बांग्लादेश की सीमाओं के भीतर बहने वाली नदियों में मेघना सबसे चौड़े पाट वाली नदी है। भोला के निकट एक बिंदु पर यह 12 किलोमीटर चौड़ी है। हिलसा मछली असामान्य रूप से नाजुक मांस वाली मछली की कुछ गिनी-चुनी प्रजातियों में से एक है। यह अभयारण्य मतलब उत्तर उप जिला में शतनाल से लेकर हैमचार उप जिला में चारभैरबी तक फैला हुआ है। जिला मत्स्य अधिकारी गोलाम मेहेदी हसन ने कहा कि एक मार्च से 30 अप्रैल तक दो महीने तक मछुआरों को प्रति व्यक्ति 40 किलोग्राम खाद्य सहायता दी जाएगी। टास्क फोर्स में कार्यकारी मजिस्ट्रेट शामिल हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले मछुआरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। आनंद बाजार जैसे क्षेत्रों के मछुआरों ने प्रतिबंध पर चिंता व्यक्त की है। चांदपुर नदी पुलिस थाना प्रभारी कमरुज्जमां ने कहा कि नदी पुलिस ने प्रतिबंध को लागू करने के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। चांदपुर सदर उप जिला के वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी तंजीमुल इस्लाम ने कहा कि अगर कोई मछुआरा कानून की अवहेलना करता है तो सख्त कार्रवाई होगी।

नेपाल में आज से यूपीआई मार्फत कर सकेंगे भुगतान भारतीय नागरिक

नेपाल। नेपाल और भारत के बीच हुए डिजीटल पेमेंट सिस्टम समझौता आज से लागू हो गया है। आज से भारतीय नागरिक नेपाल में क्यूआर कोड के जरिए पेमेंट कर सकते हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की पिछली भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच डिजीटल पेमेंट सिस्टम को लागू करने को लेकर एक समझदारी पत्र पर समझौता हुआ था। इसी समझदारी पत्र के आधार पर पिछले महीने ही नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के बीच एक समझौता हुआ था। नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर महाप्रसाद अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में भारत के 10 बैंकों के ग्राहक अपने यूपीआई के जरिए नेपाल में भुगतान कर सकते हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

नवाज शरीफ ने आगाह किया- पाकिस्तान की नई सरकार के लिए दो साल चुनौतीपूर्ण

इस्लामाबाद। हाल ही में हुए आम चुनाव के बाद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन (पीएमएल-एन) मुल्क की बागडोर संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि उसे इसके लिए बिलावल भुट्टो की पार्टी से गठबंधन करना पड़ा है। मुल्क में बड़े शरीफ के नाम से मशहूर नवाज ने कल पीएमएल-एन संसदीय दल की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के लिए आगामी दो साल चुनौतीपूर्ण होंगे। सरकार की प्राथमिकता अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और राजनीतिक अस्थिरता को खत्म करने की होनी चाहिए। इस बैठक में उनके छोटे भाई और भावी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी मौजूद थे। डॉन अखबार के मुताबिक बड़े शरीफ ने सरकार बनाने के लिए पीएमएल-एन और पीपीपी के बीच हुए समझौते का समर्थन किया और उम्मीद जताई कि शाहबाज देश को सभी 'विशाल' समस्याओं से छुटकारा दिलाएंगे। नवाज ने कहा, "शाहबाज प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी के उम्मीदवार हैं, जबकि सरदार अयाज सादिक नेशनल असेंबली स्पीकर पद के लिए हमारे उम्मीदवार हैं।" नवाज शरीफ ने कहा कि देश की नाजुक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक स्थिति के कारण केंद्र में नई सरकार के लिए अगले दो साल महत्वपूर्ण होंगे। गठबंधन सरकार को शुरूआत में विपक्ष का डटकर सामना करना होगा। उन्होंने कहा कि पहला काम मुद्रास्फीति पर काबू पाना और प्रशासन में सुधार करना होना चाहिए। दो साल बाद अगली सरकार के पास लोगों और देश के लिए बहुत कुछ करने का पर्याप्त अवसर होगा। उन्होंने कहा, ह्यशाहबाज शरीफ ने जिस तरह से 16 महीने तक सरकार चलाई, वह काफी चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने और युवाओं को गुमराह करने के लिए पीटीआई संस्थापक इमरान खान की आलोचना की। इस मौके पर शाहबाज ने अपने भाई नवाज शरीफ के पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को याद किया। कहा- नवाज शरीफ ने देश को बिजली संकट से छुटकारा दिलाया और पूरे देश में मोटर-वे का नेटवर्क दिया। उन्होंने कहा कि गठबंधन दलों के सहयोग से वह देश की समस्याओं को दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि तीन स्वतंत्र उम्मीदवारों के शामिल होने के बाद नेशनल असेंबली में पीएमएल-एन सीटों की कुल संख्या 104 हो गई है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया एलरलाइंस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। विमानन नियामक ने मुंबई एयरपोर्ट पर 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला यात्री की मौत के मामले में यह जुमार्ना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि डीजीसीए ने पर्याप्त व्हीलचेयर नहीं होने के मानदंडों के उल्लंघन करने को लेकर एयर इंडिया पर यह जुमार्ना लगाया है। इससे पहले विमानन नियामक ने एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। डीजीसीए के मुताबिक एयर इंडिया एयरलाइन कंपनी ने पर्याप्त व्हीलचेयर नहीं होने के मानदंडों का उल्लंघन किया है।

उल्लेखनीय है कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई एयरपोर्ट से जुड़ी यह घटना 12 फरवरी की है। उस दिन 80 साल की बुजुर्ग महिला यात्री बाबू पटेल को एयरपोर्ट पर कथित तौर पर व्हीलचेयर नहीं गई दी थी, जिसकी वजह से यात्री को खुद चलना पड़ा। चलने के क्रम में गिरने से इस महिला यात्री की मौत हो गई थी।

अमेरिकी हास्य अभिनेता रिचर्ड लुईस का 76 वर्ष की आयु में निधन



वाशिंगटन। अमेरिकी हास्य अभिनेता रिचर्ड लुईस नहीं रहे। सत्तर और अस्सी के दशक में उन्होंने अपने शानदार अभिनय से सारी दुनिया को जमकर हंसाया। रिचर्ड लुईस ने 76 वर्ष की आयु में मंगलवार को लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आखिरी सांस ली।

अभिनेता रिचर्ड लुईस के प्रवक्ता जेफ अब्राहम ने द न्यूयॉर्क टाइम्स से यह दुखद सूचना साझा की। अब्राहम ने कहा कि रिचर्ड का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, रिचर्ड लुईस को स्टैंड-अप कॉमेडियन के तौर पर याद किया जाएगा। उन्होंने 1970 और 1980 के दशक में अपने चुटीले अंदाज से लोगों का स्वस्थ मनोरंजन किया। वह न्यूयॉर्क के नाइट क्लबों की शान रहे। वह देर रात के टॉक शो "लेट नाइट विद डेविड लेटरमैन" में 48 बार दिखाई दिए। रिचर्ड के खाते में "रॉबिन हुडः मेन इन टाइट्स" जैसी शानदार फिल्में हैं। लुईस ने पिछले साल घोषणा की थी कि उन्हें पार्किंसंस रोग है। रिचर्ड ने खराब स्वास्थ्य की वजह से 2021 में स्टैंड-अप कॉमेडी छोड़ने की घोषणा की थी।

नेपाल: बैंक के सीईओ की गिरफ्तारी के खिलाफ बैंकर्स संघ की पेनडाउन की चेतावनी

नेपाल। नेपाल पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) द्वारा दो बैंकों के सीईओ की गिरफ्तारी के विरोध में बैंकर्स संघ ने पेनडाउन की चेतावनी दी है। गलत तरीके से लोन दिए जाने के आरोप में बुधवार को दो अधिकारियों सहित 10 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था।उल्लेखनीय है कि सीआईबी ने गलत तरीके से लोन देकर ठगी के आरोप में बुधवार को सेंचुरी बैंक के सीईओ तुलसी राम गौतम और प्रभु बैंक के सीईओ मनोज न्यौपाने सहित इन दोनों बैंकों के 10 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था। सीआईबी का दावा है कि एक सहकारी बैंक के संचालक को व्यक्तिगत फायदा पहुंचाने के लिए करीब दो अरब रुपये से अधिक लोन दिया गया था। इन गिरफ्तारियों के खिलाफ गुरुवार को बैंकर्स संघ की आपात बैठक बुलाकर सीईओ की तत्काल रिहाई की मांग की गई। बैठक के बाद जारी प्रेस वक्तव्य में संघ की तरफ से कहा गया है कि यदि सरकार ने सीईओ को रिहा नहीं किया तो सभी निजी बैंक कर्मी पेनडाउन का फैसला ले सकते हैं। संगठन की तरफ से दावा किया गया है कि बैंक के सीईओ के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई से बैंकिग क्षेत्र को धक्का लगा है। बैंकर्स संघ का कहना है कि अदालत का फैसला आने से पहले सीईओ के दफ्तर में जाकर उन्हें हथकड़ी लगाने की कार्रवाई खेदजनक है। देश के सबसे बड़े निजी बैंक ग्लोबल आईएमई के अध्यक्ष चंद्र ढकाल ने कहा कि यदि बैंक लोन लेने के बाद कोई परियोजना विफल हो जाती है तो इसमें बैंक के सीईओ की क्या गलती है? यदि इसी तरह बैंकर्स के खिलाफ कार्रवाई होती रही तो सभी बैंक मिल कर सभी प्रकार के लोन देने की प्रक्रिया को ही रोक देंगे। उसके बाद देश में जो आर्थिक संकट आएगा उसके लिए सरकार को खुद जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि बैंक की तरफ से आय स्त्रोत और डिपॉजिट देने का प्रावधान है। बड़ी परियोजनाओं में बिना किसी डिपॉजिट के ही लोन पहले से ही दिया जाता रहा है। ऐसे में कोई व्यक्ति या संस्था लोन डिफाल्टर हो जाता है तो इसके लिए बैंक के सीईओ या बैंक कर्मी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।